* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12 मूल्य : ₹3.00


रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 239

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

झारखंड-बिहार में आसमान से बरस रही आग, तीन दिन में 120 मरे





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,300 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 जून, 2023
www.azadsipahi.in



## रेवड़ी संस्कृति चुनावी जीत तो दिलायेगी, लेकिन सार्वजनिक कर्ज से उबरना हो सकता है मुश्किल

# खैरात बांटिये, चुनाव जीतिये वाली नीति से देश को होगा भारी नुकसान

- अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डालती है 'रेवड़ी बांटने की राजनीति'
- अर्थव्यवस्था पर राजनीतिक दांव-पेंच देश की सेहत के लिए ठीक नहीं
- राज्यों की मदद करने की केंद्र की क्षमता पर भी पड़ता है गंभीर असर

आजाद सिपाही विशेष

**पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमें रेवड़ी कल्चर से सावधान रहना होगा। उनके इस बयान पर खूब सियासी बहस हुई थी, लेकिन अब यह बात साबित हो गयी है कि रेवड़ी कल्चर से देश तरक्की नहीं कर सकता, उल्टा देश बर्बादी की ओर बढ़ेगा। अभी कर्नाटक में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) द्वारा उधार में गेहूं देने से इनकार किये जाने को सियासत का रंग दिया जा रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि इस रेवड़ी कल्चर ने देश की अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल दिया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि राज्यों को मदद करने या कर्ज देने की केंद्र की क्षमता लगातार कम हो रही है। राजनीतिक दलों को यह बात समझनी होगी, लेकिन अफसोस इस बात का है कि राजनीतिक पार्टियां रेवड़ी कल्चर को चुनाव में जीत की गारंटी समझने लगी हैं। यह सच है कि रेवड़ी कल्चर चुनाव में जीत का कारण जरूर बनती है, लेकिन बाद में इसका कितना गंभीर असर पड़ता है, यह श्रीलंका, पाकिस्तान और वेनेजुएला जैसे देशों की हालत से समझा जा सकता है। रेवड़ी कल्चर वही संस्कृति है, जिसे मुफ्तखोरी की राजनीति भी कहा जाता है। यह राजनीति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालनेवाली भी है। तमाम अवरोधों के बावजूद तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था पर रेवड़ी कल्चर के इस बोझ के विभिन्न पहलुओं के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

इन दिनों देश के सियासी माहौल में एक बात तेजी से फैल रही है कि जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकार है, वहां केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि कर्नाटक में केंद्र सरकार के कहने पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) ने उधार में गेहूं देने पर रोक लगा दी है। पहली बार में इस बात पर यकीन हो जाता है, लेकिन हकीकत जानने पर बेहद अचरज होता है। असल में गेहूं के मुद्दे पर कर्नाटक और केंद्र के बीच छिड़ा विवाद सियासी न होकर पूरी तरह आर्थिक है। और इस सबकी जड़ में है रेवड़ी कल्चर, जो भारत में चुनावी जीत हासिल करने का ब्रह्मास्त्र माना जाता है।

### क्या है रेवड़ी कल्चर

देश के दक्षिण राज्यों, खासकर तमिलनाडु में सबसे पहले मुफ्त बांटने की सियासत शुरू हुई। यहां चुनाव जीतने के लिए मंगल सूत्र, टीवी, प्रेशर कुकर, वॉशिंग मशीन और साड़ी फ्री में बांटी जाने लगी। तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के कार्यकाल में अम्मा कैंटीन खूब फली-फूली। दक्षिण भारत के बाद अब यह उत्तर भारत के साथ-साथ पूरे देश में वोट पाने का एक शॉर्टकट जरिया बन चुका है। वोटरों को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों ने मुफ्त बिजली-पानी, अनाज, लैपटॉप, मोबाइल, स्कूटी और बेरोजगारी भत्ता को हथियार बनाया। इसका नतीजा यह हुआ कि आज कई राज्यों की अर्थव्यवस्था कर्ज के बोझ तले दबने लगी है।

लोक लुभावने वादों के आधार पर चुनावी जीत की शुरुआत द्रमुक ने की थी, जो 1967 में तत्कालीन मद्रास राज्य में एक रुपये में चावल देने के वादे के साथ सत्ता में आयी थी। हालांकि इस चुनावी वादे पर अमल सिर्फ राज्य की राजधानी तक ही सीमित रहा, क्योंकि इस पर आनेवाला खर्च वहन करना संभव नहीं था। इसके बाद अपनी खुद की पार्टी बनाने के लिए द्रमुक से अलग होने के बाद एमजी रामचंद्रन ने स्कूलों में मुफ्त मध्याह्न भोजन के एक सीमित कार्यक्रम को और आगे बढ़ाया। इसके कई फायदे भी सामने आये। हाल के वर्षों में भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों ने लोक लुभावन घोषणाओं पर जोर देना शुरू किया है, लेकिन इन दलों का ध्यान इस हकीकत पर नहीं जा रहा है कि इन घोषणाओं पर अमल करना कितना नुकसानदेह हो सकता है।



कर्नाटक और केंद्र सरकार का ताजा विवाद भी इसी रेवड़ी कल्चर का परिणाम है। कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस ने प्रत्येक बेरोजगार डिप्लोमा धारक/स्नातक को डेढ़ से तीन हजार रुपये प्रतिमाह, परिवार की महिला मुखिया को दो हजार रुपये प्रतिमाह के अलावा मुफ्त बिजली और मुफ्त अनाज का वादा भी किया। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार इन वादों को पूरा करने में जितनी रकम खर्च कर रही है, उससे वह छह महीने के लिए गेहूं खरीद सकती थी। अब उसके पास गेहूं खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं और वह एफसीआइ से उधार मांग रही है, जो पहले से घाटे में चल रहे इस निगम के लिए असंभव है। इसलिए उसने उधार देने से मना कर दिया है। कर्नाटक सरकार ने इसे सियासी मुद्दा बना कर केंद्र सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

### अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा असर

कर्नाटक मामले की हकाकीत जानने के बाद यह तो समझ में आ गया है कि रेवड़ी कल्चर से अंततः नुकसान ही होता है। वास्तव में इसका अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ता है। राज्य सरकार मुफ्त में कोई चीज देती है, लेकिन उसकी कीमत किसी दूसरे मद, जैसे रोड टैक्स, चुंगी, जमीन रजिस्ट्री शुल्क और होल्डिंग टैक्स से वसूल भी कर लेती है। आम लोगों को इसका पता नहीं चलता है।

### रेवड़ी कल्चर पर आगाह कर चुका है रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक रेवड़ी कल्चर से देश को होनेवाले नुकसान को लेकर आगाह कर चुका है। 'स्टेट फाइनेंसेसः द रिस्क एनालिसिस' नाम से आयी रिजर्व बैंक की रिपोर्ट की मानें तो पंजाब, राजस्थान, केरल, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की हालत डांवाडोल है। कैग के आंकड़ों के हवाले से इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सब्सिडी पर राज्य सरकारों के खर्च में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, जिससे कर्ज बढ़ता जा रहा है। वित्त वर्ष 2020-21 में सब्सिडी पर राज्यों ने कुल खर्च का 11.2 प्रतिशत खर्च किया था, जो 2021-22 में बढ़ कर 12.9 प्रतिशत हो गया। सब्सिडी पर सबसे ज्यादा खर्च ओड़िशा, झारखंड, केरल और तेलंगाना ने किया। वहीं पंजाब, गुजरात और छत्तीसगढ़ सरकार ने सब्सिडी पर अपने राजस्व खर्च का 10 प्रतिशत से ज्यादा खर्च किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकारें सब्सिडी की बजाय मुफ्त दे रहीं हैं। रिजर्व बैंक के मुताबिक कुछ ऐसे राज्य हैं, जिनका कर्ज 2026-27 तक सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 30 प्रतिशत से ज्यादा हो सकता है। ऐसे राज्यों में पंजाब की हालत ज्यादा खराब होगी।

### रेवड़ी कल्चर से राज्यों की सेहत पर बुरा असर

रेवड़ी कल्चर से जहां राज्यों की आर्थिक सेहत पर बुरा असर हो रहा है, तो वहीं दूसरे स्तर पर भी असर देखने को मिल रहे हैं। पंजाब में साल 1971 में सिर्फ 1.92 लाख ट्यूबवेल थे, लेकिन बिजली बिल में माफी और सब्सिडी मिलने से इसकी संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई। आज यहां ट्यूबवेल की संख्या 14.1 लाख तक पहुंच गयी है। इससे भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा है। आलम यह है कि अधिक दोहन के चलते भूजल 20 से 30 मीटर नीचे चला गया है, जिससे पंजाब बहुत बड़े जलसंकट की ओर बढ़ रहा है। यही स्थिति उत्तर और पूर्वी भारत की भी है।

कहने का आशय यह है कि अब, जबकि आधे-अधूरे आर्थिक सुधारों के साथ पूर्व एशियाई विकास दर हासिल नहीं हो पा रही है और सरकार के अथक प्रयासों के बावजूद विनिर्माण, व्यापारिक निर्यात, और रोजगार की हालत खस्ता बनी हुई है, तब राजनेताओं को मूल्य सब्सिडी और नगद भुगतान के जरिये वित्तीय हस्तांतरण का पुराना तरीका ही ज्यादा भा रहा है। वे इसे अपनाने को इसलिए भी प्रेरित होते हैं, क्योंकि यह आजमायी हुई तरकीब है और खासकर चुनाव के समय काफी कारगर साबित होती है। लेकिन इसका अर्थव्यवस्था पर कितना गंभीर असर पड़ रहा है, इसका अंदाजा वित्त मंत्रालय के एक नोट से मिलता है, जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार ने जून में राज्य सरकारों को टैक्स हिस्सेदारी की तीसरी किस्त के रूप में 59 हजार 140 करोड़ रुपये की सामान्य मासिक हिस्सेदारी की बजाय एक लाख 18 हजार 280 करोड़ रुपये दिये हैं। इसका अधिकांश हिस्सा अग्रिम है, क्योंकि कई राज्यों ने राहत के लिए कुछ अग्रिम की मांग की थी। लेकिन यह सिलसिला बहुत अधिक समय तक नहीं चल सकता है। केंद्र भी एक सीमा तक ही मदद कर सकता है। उसके बाद हालत कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसी हो जायेगी, जहां सरकारी कर्मियों को वेतन के लाले पड़ गये हैं। इसलिए अब इस बात को मानना ही होगा कि अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर राजनीति करने से पहले इसके तमाम पहलुओं को ध्यान में रखा जाना जरूरी है। राजनीतिक दल जितनी जल्दी यह बात समझ लें, उतना ही अच्छा होगा।

---

## अधिक-से-अधिक पौधरोपण करें ताकि आनेवाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रह सके

# औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन भी आवश्यक : राज्यपाल

**आगामी 1 वर्ष में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य : राज्यपाल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड के केएनजे हाइस्कूल में वन प्रबंधन एवं संरक्षण महासमिति और जोहार भारत फेडरेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गयी है और इसके लिए पूरा विश्व चिंतित है। पर्यावरण असंतुलन के कारण सूखा, अत्यधिक गर्मी, अनावृष्टि, बेमौसम अतिवृष्टि इत्यादि में वृद्धि हो रही है जिसके कारण करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण दोहन होना, कूड़े-कचड़े और अपशिष्ट पदार्थों का अनियोजित ढंग से फेंका जाना, कल-कारखानों के निर्माण के साथ ही उससे होनेवाले प्रदूषण को रोकने के उपाय का अभाव, कीटनाशक पदार्थों का अंधाधुंध प्रयोग, वैज्ञानिक तकनीक का न अपनाना तथा जानकारी का अभाव होना है। उन्होंने कहा कि निरंतर बढ़ती हुई जनसंख्या की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा उनके आर्थिक स्तर में वृद्धि के लिए औद्योगिक विकास अत्यंत ही आवश्यक है। परिवहन के साधन में भी वृद्धि होना जरूरी है, लेकिन इसके साथ पौधरोपण में भी वृद्धि भी उसी अनुपात में आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि आज भू-गर्भ जल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। विभिन्न जिलों में भ्रमण के क्रम में वहां जल-स्तर एवं सिंचाई संबंधी समस्या से लोगों ने मुझे अवगत कराया। उनके द्वारा उपायुक्त एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जल-संचयन हेतु लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए राज्य सरकार का भी ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है।


राज्यपाल ने कहा कि इस संस्था द्वारा 5 जून से 17 जून तक गांवों में पर्यावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज समापन समारोह है। संस्था द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य किया जाना सराहनीय है। पर्यावरण के क्षेत्र में पद्मश्री जमुना टुडू का उल्लेखनीय योगदान रहा है। प्रधानमंत्री ने भी उनके कार्यों की सराहना की है। राज्यपाल ने कहा कि 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों के साथ राज भवन में उनके द्वारा 50 से अधिक पौधे लगाये गये। उनका प्रयास है कि आने वाले एक वर्ष में राज्य में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जायें जिसमें 90 प्रतिशत फलदार पौधे हों।

राज्यपाल ने सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए आग्रह किया ताकि आगे आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। हमारे पूर्वजों ने वृक्षों को लगाया, बढ़ाया है एवं उनकी पूजा करते आये हैं। झारखंड में सरहुल पर्व पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक भी माना जाता है। राज्यपाल ने कहा कि परिवार में होने वाले सभी शुभ कार्यों यथा शादी के अवसर पर, किसी शिशु के जन्म लेने के अवसर पर या अन्य महत्वपूर्ण अवसर पर पौधा अवश्य लगायें। इतना ही नहीं पर्यावरण को बचाने के लिए कोई भी सामाग्री लेने बाहर जाये तो कपड़े का थैला लेकर जायें। राज्यपाल ने उक्त कार्यक्रम में 10वीं की स्टेट टॉपर श्रेया एवं जिला टॉपर कुणाल, जो चाकुलिया के रहने वाले हैं, को सम्मानित किया। साथ ही पर्यावरण के रक्षा करने वाले एवं अन्य सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया।

---

## गोल ने अपने टॉपर्स के साथ की प्रेस कांफ्रेंस

# 25 सालों में गोल के 16 हजार छात्र डॉक्टर बने




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट का रिजल्ट प्रकाशित होने के बाद झारखंड केअग्रणी संस्थान गोल इंस्टीट्यूट द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। गोल के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया कि इस वर्ष हमारे संस्थान (गोल) का रिजल्ट बहुत ही अच्छा आया है। पिछले साल की तुलना में इस साल का रिजल्ट ज्यादा अच्छा रहा है, जिससे टॉप 10 मेडिकल कॉलेज में हमारे छात्रों का नामांकन होने की संभावना है। हमारे गोल संस्थान का इतिहास 25 साल पुराना है। इससे आगे कहा कि पिछले 25 सालों में गोल संस्थान के 16000 छात्र डॉक्टर बने हैं या बनने की प्रक्रिया में हैं।

**गोल टॉपर आस्था ने 695 अंक प्राप्त किये : रंजय सिंह**

रंजय सिंह ने बताया कि गोल टॉपर आस्था रही है। आस्था ने 695 अंक प्राप्त किये हैं। आस्था ने गोल का मान बढ़ाया है। प्रत्येक साल हमारे यहां से रिजल्ट अच्छा होता है। इस साल भी अच्छा हुआ है। हम 25 वर्ष पूरी करके 26वें वर्ष में प्रवेश करनेवाले हैं। उन्होंने आगे गोल विलेज के बारे में विस्तार से बताया।

गोल के आनंद वत्स ने नीट के सफल छात्रों की काउंसिलिंग और कॉलेज में नामांकन के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों को चयन प्रक्रिया के बारे में बताया। सारी जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गयी। गोल की टॉपर आस्था ने बताया कि गोल में पढ़ने की वजह से काफी हेल्प मिली। सारे शिक्षकों ने हर समय मेरा साथ दिया। मैं प्रत्येक दिन आठ घंटा सेल्फ स्टडी करती थी। आस्था ने बताया कि एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़नी चाहिए, वे अच्छी होती है। आस्था ने बताया कि मेरे माता-पिता दोनों ही डॉक्टर हैं, उनसे भी मुझे काफी मदद मिली।

आस्था धनबाद डिनॉब्ली स्कूल की छात्रा रही हैं। प्रेस कान्फ्रेंस में गोल के नोट टॉपर्स अमन, इशिका दत्ता, रविंद्र रावाणी, सुप्रिया कुमारी, आफिया नौशाद, अक्षरा कुमारी, कानू प्रिया, राजीव, रोशन कुमार, रूपा, त्रिशा के आलावा कई छात्र उपस्थित रहे।

www.epaper.azadsipahi.in

19 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12 मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 239


प्रभास और कृति सेनन स्टारर फिल्म आदिपुरुष के विवादित डायलॉग्स बदले जायेंगे




# झारखंड-बिहार में बरस रही आग, तीन दिन में 120 मरे

## ■ दोनों राज्यों में लू और गर्मी से 14 सौ लोग बीमार | ■ यूपी के बलिया में चार सौ लोग अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पटना/लखनऊ।** झारखंड और बिहार समेत पूरा पूर्वी भारत प्रचंड गर्मी में झुलस रहा है। मॉनसून का कहीं पता नहीं है। केवल झारखंड और बिहार में ही पिछले तीन दिनों में 120 लोगों की मौत लू लगने और गर्मी के कारण होनेवाली दूसरी बीमारियों से हो गयी। इनमें झारखंड के 34 और बिहार के 86 लोग शामिल हैं। इन दोनों राज्यों में 14 सौ से अधिक लोग बीमार होकर अस्पतालों में इलाजरत हैं। उधर यूपी की स्थिति भी चिंताजनक है। वहां पिछले 72 घंटे में 54 लोगों के मरने की सूचना है, जबकि हजारों लोग बीमार हैं। अकेले बलिया में ही चार सौ लोग अस्पताल में भर्ती कराये गये हैं।

**झारखंड में जानलेवा हुई गर्मी, अब तक 34 लोगों की मौत :** झारखंड में गर्मी का कहर जारी है। प्रदेश में तेज लू और गर्मी की चपेट में आने से पिछले तीन दिनों में 34 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में सात पलामू के और पांच दुमका-गोड्डा के हैं। धनबाद में दो लोगों की जान गयी। रामगढ़, जमशेदपुर और रांची के खलारी में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। इस



बीच गोड्डा का तापमान रविवार को 46 डिग्री को पार कर गया। मेदिनीनगर का पारा 44.8, देवघर का 44.7 और रामगढ़ का 43.4 डिग्री पर रहा। रांची में पारा 40.8 डिग्री पर रहा। राज्य में रात की गर्मी भी बढ़ गयी है। गर्म हवा के कारण रात का तापमान बढ़ा है।

**बिहार में गर्मी और लू से 86 लोगों की मौत :** पड़ोसी राज्य बिहार में पिछले 72 घंटे में 86 लोग गर्मी के शिकार बने। 35 लोगों की मौत तो पटना के दो बड़े अस्पतालों में हुई। इसके अलावा राज्य के विभिन्न जिलों में 51 लोगों की जान चली गयी।

**यूपी में 54 लोगों की मौत, अकेले बलिया में चार सौ बीमार** उत्तर प्रदेश की हालत भी गर्मी के कारण बेहद खराब है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में पिछले 72 घंटे के दौरान 54 लोगों की मौत लू लगने और गर्मी जनित दूसरी बीमारियों के कारण हो गयी। इसके अलावा करीब 14 सौ लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अकेले बलिया जिले में चार सौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें अधिकतर की उम्र 60 साल से ज्यादा है।

**ओड़िशा में पारा 44 डिग्री के पार, एथलीट हुई बेहोश :** ओडिशा के भुवनेश्वर में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। यहां इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। तेज गर्मी के चलते महिला एथलीट तेजस्विनी शंकर बेहोश होकर गिर गयीं। वहीं अन्य खिलाड़ियों को सिर पर पानी डालते देखा गया। वहीं राज्य में हीटवेव के चलते सात लोगों की मौत भी हो गयी है।

**छत्तीसगढ़ में मॉनसून में देरी, गर्मी का कहर :** छत्तीसगढ़ में इस साल जून में पड़ रही भीषण गर्मी को इस मौसमी घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। आमतौर पर 10 से 15 जून तक मॉनसून पहुंच जाता है और मॉनसून आने से दो-तीन दिन पहले प्री-मॉनसून की बारिश शुरू हो जाती है। इसलिए जून में ज्यादा गर्मी महसूस नहीं की जाती। इस वर्ष मानसून लेट हुआ और गर्मी भी तेज पड़ने लगी है।

## झारखंड में आठवीं तक के स्कूल 21 तक रहेंगे बंद

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बढ़ती गर्मी और मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए स्कूलों की छुट्टियां तीसरी बार बढ़ायी हैं। शिक्षा सचिव द्वारा जारी आदेश के मुताबिक झारखंड में संचालित सभी कोटि के स्कूलों में क्लास केजी से आठवीं तक छुट्टी रहेगी। इन कक्षाओं की छुट्टियां 21 जून तक रहेंगी। वहीं क्लास नौ से 12वीं की कक्षा सुबह सात बजे से 11 बजे तक संचालित करने की अनुमति दी गयी है। आदेश में कहा गया है कि इस दौरान पढ़ाई में होने वाली क्षति की पूर्ति के लिए अलग से आदेश जारी किया जायेगा। बता दें कि स्कूली शिक्षा विभाग ने पहली बार 11 जून को आदेश जारी किया था। इसमें कहा था कि स्कूलों को 14 जून तक के लिए बंद किया जाता है। दूसरी बार स्कूली शिक्षा विभाग ने 14 जून को आदेश दिया कि सभी कोटि के स्कूलों को 17 जून तक बंद रहेंगे। वहीं नौवीं से 12वीं तक के क्लास पूर्व के आदेश की तरह की संचालित होंगे।

## असम के 13 जिलों में बाढ़, 38 हजार प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम में ब्रह्मपुत्र नदी उफान पर है। राज्य के 13 जिलों में बाढ़ से 38 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा सिक्किम के तीन जिलों में बारिश हुई है। सिक्किम के चुंगथांग में लैंडस्लाइड की वजह से नेशनल हाइवे बह गया, जिसके बाद यहां 35 सौ पर्यटक फंस गये थे। सेना ने इनका रेस्क्यू किया। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम में भी बारिश हो रही है। असम सरकार के आपदा विभाग के मुताबिक 13 जिलों में लगभग 38 हजार लोग मौजूदा बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। अकेले लखीमपुर जिले में 25 हजार लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि डिब्रूगढ़ में चार हजार लोग, बिश्वनाथ जिले में तीन हजार लोग प्रभावित हुए।

**बिपरजॉय की बारिश से राजस्थान में बाढ़ : जयपुर।** अरब सागर से उठा चक्रवात बिपरजॉय गुजरात के बाद राजस्थान में कहर बरपा रहा है। इसके असर से राज्य के कई इलाकों मे पिछले 36 घंटों से भारी बारिश जारी है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं। बाड़मेर, सिरोही, बांसवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, पाली, अजमेर, कोटा सहित कई जिलों में तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इन जिलों के कुछ इलाकों में अब तक 10 से लेकर 13 इंच तक बरसात हो चुकी है। जालोर जिले के सांचौर में सुरावा बांध टूटने से कई इलाके डूब गये हैं। बांध टूटने से नर्मदा लिफ्ट कैनाल में पानी बढ़ने से वह भी टूट गयी है। सांचौर शहर पर सबसे ज्यादा खतरा मंडरा रहा है।



### झारखंड में 20 तक आ सकता है मॉनसून

मौसम विभाग ने रविवार को मॉनसून को लेकर बड़ी खुशखबरी दी। रोजाना जारी किये जाने वाले अपडेट में मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण पश्चिम मॉनसून के लिए अगले दो से तीन दिनों के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इसका मतलब यह हुआ कि 20 जून तक इन राज्यों में मॉनसून की अच्छी तरह से दस्तक हो सकती है, जिससे झमाझम बारिश होने की भी संभावना है। इससे पहले मौसम पर नजर रखने वाली एजेंसी स्काइमेट ने जानकारी दी थी कि मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां पूरी तरह से अनुकूल हैं। इसमें 19-22 जून के बीच तेजी आयेगी।

## आरएसएस ने की मणिपुर में शांति की अपील

**नयी दिल्ली।** आरएसएस ने रविवार को मणिपुर में जारी हिंसा की निंदा की और स्थानीय प्रशासन, पुलिस, सुरक्षा बलों और केंद्रीय एजेंसियों सहित सरकार से तत्काल शांति बहाल करने के लिए हर संभव कदम उठाने की अपील की। आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने उनसे पूर्वोत्तर राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई के साथ-साथ हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों को राहत सामग्री की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

### जेइइ एडवांस्ड 2023 का रिजल्ट जारी

## लोहरदगा के आयुष सिंह बने झारखंड टॉपर, देशभर में हासिल किया 94वां रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के तमाम आइआइटी सहित अन्य तकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित होनेवाली जेइइ एडवांस्ड का रिजल्ट रविवार को जारी कर दिया गया। इसमें लोहरदगा के रहने वाले आयुष सिंह को देश भर में 94वां स्थान मिला है और वह संभवतः झारखंड टॉपर बने हैं।

आयुष सिंह ने जेइइ मेन में 99.99 परसेंटाइल अंक हासिल किया था। इसके बाद उसने जेइइ एडवांस्ड पर फोकस किया और इसमें भी बेहतरीन स्थान प्राप्त किया है। आयुष ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा से की है। वहीं 11वीं और 12वीं की परीक्षा रांची के एलए गार्डन स्कूल से की है। दूसरे स्थान पर रांची के किसलय हैं, जिन्होंने 249 नंबर लाकर देश भर में 519वां स्थान हासिल किया है। रांची की धृति वर्णवाल को 239 नंबर मिले हैं और उनकी ऑल इंडिया रैंकिंग 544 है।



### हैदराबाद जोन टॉप पर, टॉपर बने वीसी रेड्डी

जेइइ एडवांस्ड के रिजल्ट में हैदराबाद जोन टॉप पर है। इसी जोन के वीसी रेड्डी ने देश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 360 में से 341 अंक मिले हैं। इसी जोन की भाव्या लड़कियों की टॉपर हैं। उनका ऑल इंडिया रैंक 56 है और उनके मार्क्स 298 हैं। आइआइटी गुवाहाटी ने कहा है कि परीक्षा कुल 360 अंकों के लिए आयोजित की गयी थी। कॉमन रैंक लिस्ट के लिए एक उम्मीदवार को हर विषय में कुल नंबरों का कम से कम 6.83 प्रतिशत और कुल अंकों का 23.89 प्रतिशत स्कोर करना होता है। जोन के अनुसार प्रदर्शन के मामले में हैदराबाद जोन के सबसे ज्यादा 10 हजार 432 उम्मीदवारों ने जेइइ एडवांस्ड क्वालीफाई किया है। इसके बाद आइआइटी-दिल्ली जोन (9290), आइआइटी -बांबे (7957), आइआइटी -खड़गपुर (4618), आइआइटी-कानपुर (4582) और आइआइटी- गुवाहाटी (4499) के विद्यार्थी हैं। 10 में से छह टॉपर आइआइटी -हैदराबाद जोन से हैं और दो दिल्ली और रुड़की से हैं।

## नीतीश सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार कांग्रेस को मिलेंगे दो मंत्री पद

**पटना (आजाद सिपाही)।** विपक्षी एकता की बैठक के बाद कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस से 2 चेहरे महागठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। यह बातें उन्होंने सदाकत आश्रम में रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कही। अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि विपक्षी एकता की बैठक के बाद बिहार सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इसमें राजद और कांग्रेस के नेता मंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस के 2 नेता मंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के आमंत्रण पर विपक्षी एकता की बैठक हो रही है। पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली स्थित आवास पर नीतीश कुमार की उनसे मुलाकात हुई थी। वहां नीतीश कुमार को कुछ नेताओं से बातचीत करने के लिए कहा गया था। बातचीत होने के बाद नीतीश कुमार द्वारा पटना में विपक्षी एकता की बैठक बुलायी गयी है। इसमें शामिल होने के लिए राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और संगठन प्रभारी वेणुगोपाल आ रहे हैं।

### 'मन की बात' से पीएम नरेंद्र मोदी ने साधा कांग्रेस पर निशाना, बोले

## इमरजेंसी के काले दौर को कोई नहीं भूल सकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक संबोधन 'मन की बात' कार्यक्रम में रविवार को इमरजेंसी के दौर को याद कर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने तूफान 'बिपरजॉय' का हिम्मत से सामना करने के लिए कच्छ के लोगों की तारीफ की और 'खेलो इंडिया' के आयोजन को सराहनीय कदम बताया।

पीएम ने कहा कि गुजरात के कच्छ के लोगों ने दिखा दिया कि उनकी हिम्मत के आगे कोई नहीं टिक सकता। उन्होंने कहा कि तूफान बिपरजॉय को हराने में भी इन लोगों का हौंसला काम आया। पीएम ने कहा ।' कभी दो दशक पहले आ/२ विनाशकारी भूकंप के बाद कच्छ को कभी न उबर पाने वाला कहा जाता था। आज वही जिला देश के सबसे तेजी से विकास करने वाले जिलों में से एक है। मुझे विश्वास है कि कच्छ के लोग बिपरजॉय चक्रवात से हुई तबाही से तेजी से उभरेंगे। पीएम ने आगे कहा कि बड़े से बड़ा लक्ष्य हो, कठिन से कठिन-चुनौती हो, भारत के लोगों का सामूहिक बल,



सामूहिक शक्ति, हर चुनौती का हल निकाल देता है।

**इमरजेंसी को लेकर इंदिरा सरकार पर बरसे :** पीएम मोदी ने अपने संबोधन में इंदिरा सरकार के दौरान देश में लगायी गयी इमरजेंसी को भी याद किया। पीएम ने कहा कि कोई भी इमरजेंसी के काले दौर को नहीं भूल सकता है। उन्होंने कहा कि हम 25 जून को नहीं भूल सकते, जिस दिन आपातकाल लगाया गया था। यह भारत के इतिहास का एक काला काल था। लाखों लोगों ने अपनी पूरी ताकत से आपातकाल का विरोध किया। उस दौर में लोकतंत्र के समर्थकों पर इतना अत्याचार किया गया था कि आज भी मन कांप उठता है। आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हैं, तो हमें ऐसे अपराधों को भी देखना चाहिए। यह युवा पीढ़ी को लोकतंत्र का अर्थ और महत्व सिखायेगा।

**कैच द रेन पर हमारा फोकस :** पीएम मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने आपदा प्रबंधन की जो ताकत विकसित की है, वह आज एक उदाहरण बन रही है। प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने का एक बड़ा तरीका प्रकृति का संरक्षण है। पीएम ने कहा कि आज देश 'कैच द रेन' जैसे अभियानों के जरिये सामूहिक प्रयास कर रहा है।

**'वसुधैव कुटुंबकम' इस वर्ष योग दिवस की थीम :** पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस का थीम 'वसुधैव कुटुंबकम' होगा। पीएम ने कहा कि इसका मतलब 'एक विश्व एक परिवार' के रूप में सबके कल्याण से है। हर बार की तरह इस बार भी देश के कोने-कोने में योग से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी अगले हफ्ते अमेरिका दौरे पर जाने वाले हैं। यही वजह है कि 'मन की बात' कार्यक्रम एक हफ्ता पहले प्रसारित हुआ। आम तौर पर यह कार्यक्रम महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित किया जाता है। इस कार्यक्रम के जरिये दुनिया की कई ऐसी शख्सियतों को दिखाया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशेष योगदान दिया, लेकिन उनके योगदान का देश को पता नहीं चला। कार्यक्रम के जरिये इन लोगों को सम्मान दिया गया और इतना ही नहीं, उनकी प्रेरणा से लोग आगे भी बढ़ रहे हैं।

## जावाडीह में मृत गुलशन मुंडा के शव का रिम्स में दोबारा पोस्टमार्टम

**खदान मालिक के खिलाफ भड़का आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जावाडीह बॉक्साइट माइंस में ब्लास्ट के दौरान तीन दिन पूर्व बिशुनपुर प्रखंड के कोरकोट पाठ निवासी 30 वर्षीय गुलशन मुंडा की मौत का मामला काफी संगीन हो गया है। जांच प्रक्रिया में तेजी और मौत की सही जानकारी सामने लाने के लिए गुलशन मुंडा के शव को रविवार को कब्र से निकाला गया और दोबारा उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। गुमला के चिकित्सकों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। कारण यह था कि गुमला में फोरेंसिक जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है। रविवार को रिम्स में फोरेंसिक जांच के लिए दोबारा पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। उसके बाद रविवार को पुनः गुलशन मुंडा को दफनाया गया।

**जिला कांग्रेस की टीम ने किया घटनास्थल का दौरा :** इधर रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतू उरांव के नेतृत्व में कांग्रेस की एक टीम घटनास्थल पहुंची। उन्होंने ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली और मृतक के गांव पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की। उन्हें आर्थिक सहायता भी दी गयी। मौके पर बिशुनपुर प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, कृष्णा लोहरा, अरुण पांडे, राजू भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

### बॉक्साइट खदान मालिक ने साक्ष्य छुपाने का किया प्रयास

बिशुनपुर प्रखंड के जवाडीह स्थित मदन सिंह की निजी माइंस में ब्लास्ट के दौरान मजदूर की मौत हो जाने के बाद मालिक विकास सिंह ने तत्काल शव को अपने माइंस कर्मियों के सहयोग से लोहरदगा मंगा कर मनमाने ढंग से प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पोस्टमार्टम कराया। लोगों का कहना है कि इस हड़बड़ी का उद्देश्य मामले को दूसरा रूप देना था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद गुलशन मुंडा के शव को लोहरदगा भेजा गया। उसके बाद मालिक का फोन आने पर घटनास्थल पर मौजूद खून के छींटे और अन्य साक्ष्यों को हटाया गया।



## किसान पुत्र ने भारतीय नौसेना में पायी सफलता

बड़कागांव(आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत स्थित सोनपुरा गाँव निवासी पिता बालेश्वर महतो और माता यशोदा देवी का द्वितीय पुत्र चन्द्रशेखर कुमार ने भारतीय नौसेना पद पर सफलता हासिल कर नाम रोशन किया है। चंद्रशेखर की सफलता हासिल करने पर जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दिया है और उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व जिला परिषद टुकेश्वर प्रसाद पंचायत सदस्य समिति सदस्य, कांडतरी पंचायत मुखिया प्रारसनाथ महतो, पंचायत सदस्य समिति रंजीत कु चौबे, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, लालदेव महतो, भवानी प्र. दाँगी, मोहित कु. दाँगी, हरिकृष्ण कुमार, दिनेश कुमार, भोला प्रसाद दांगी, सुरेन्द्र कुमार के अलावा अन्य लोग शामिल हैं।

### चंदवारा में रिश्तों के कत्ल की दर्दनाक कहानी आयी सामने

# पत्नी ही निकली फल व्यवसायी बबलू मोदी की कातिल, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवारा।** चंदवारा के फल व्यवसायी मृतक बबलू मोदी हत्याकांड कांड संख्या 32/23 के आरोपी मृतक की पत्नी ज्योति देवी को चंदवारा थाना पुलिस ने उसके मायके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद रविवार को उसे जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि जिले के चंदवारा में फल व्यवसायी की हत्या कर दी गयी। 30 अप्रैल की सुबह चंदवारा थाना अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन के पास फल व्यवसायी बबलू मोदी (38) का शव मिला था। मृतक बबलू मोदी (पिता रामचंद्र मोदी) जयनगर का निवासी था और चंदवारा में भाड़े के मकान में रहकर फल का का दुकान चलाता था। परिजनों के अनुसार रात उसे चंदवारा थाना के पुलिसकर्मी आदित्य शर्मा ने फोन कर बाहर बुलाया था, जिसके बाद वह घर से निकल कर बाहर गया था। अगले दिन सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। इस मामले के उद्भेदन को लेकर लगातार आंदोलन भी हुआ। शनिवार को स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी जिले में बढ़ रहे अपराध और हत्या की घटनाओं के उद्भेदन में पुलिस की विफलता पर सवाल उठाया था। इधर रविवार को पुलिस ने मृतक की पत्नी को जेल भेज दिया। हांलाकि इस मामले में थाना प्रभारी या अन्य पुलिस अधिकारी कुछ बता नहीं रहे हैं। हत्या कैसे और किसने की, इसकी जानकारी नहीं दी गयी है।

## स्व रामकृष्ण मेहता की प्रथम जंयती विद्यालय परिसर में मनायी गयी

बरकट्ठा(आजाद सिपाही): राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के संस्थापक सह पूर्व प्रधानाध्यापक स्व रामकृष्ण मेहता की प्रथम जंयती रविवार को विद्यालय परिसर में मनायी गयी। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख रेणू देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, समाजसेवी शिक्षाविद सीके पांडेय, पूर्व मुखिया बसंत साव, प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार पांडेय, अरूण कुमार मेहता मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियो ने स्व रामकृष्ण मेहता के चित्र पर फूल माला चढ़ा श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। कुमकुम देवी ने स्व रामकृष्ण मेहता की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा की वह हाई स्कूल बरकट्ठा के फाउंडर एचएम थे। जिन्होंने बरकट्ठा में स्कूल की निव रखकर काफी जद्दोजहद कर उसको काफी परेशानियो का सामना करते हुए खड़ा किया था। इस अवसर पर पूर्व पंसस बिरेन्द्र शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## दो दिवसीय रथ यात्रा कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरूक किया गया



बरकट्ठा(आजाद सिपाही): प्रखंड क्षेत्र के गैड़ा में केंदुआ-लालोडीह से तुर्कबाद होते हुए पुन: गैडा इस्कॉन की तरफ से 20और 21 जुन दो दिवसीय रथ यात्रा कार्यक्रम 3 बजे से 7 तक आयोजित किया गया है।इसमें गैड़ा में इस्कोन की तरफ से एक नये भव्य राधाकृष्ण मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जहां संध्या में भागवत कथा के साथ-साथ महा प्रसाद का वितरण किया जायेगा। इसी को लेकर इसकोन के सदस्यों के द्वारा बरकट्ठा बाजार के जीटी रोड में प्रचार प्रसार किया जा रहा है तथा सभी लोगों को रथयात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मौके पर नटराज गौरांग दास प्रभु, टहल प्रभु, झारखंडी प्रभु, महादेव प्रभु, सिकन्दर प्रभु प्रकाश प्रभु, सनी प्रभु समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय विकास पर चर्चा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, विभाग निरीक्षक फणींद्र नाथ झा और हजारीबाग के विभाग निरीक्षक ओम प्रकाश सिन्हा ने आचार्यों की बैठक ली एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में विद्यालय के विकास के बारे में चर्चा परिचर्चा हुई। प्रदेश सचिव श्री तिवारी ने बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम लाने के तकनीक बतायें। उन्होंने पाठ योजना का निरीक्षण किया और कहा भैया बहनों की रचनाएं समाचार पत्रों में स्थान पा सकें इसके प्रयास होनी चाहिए। आगामी प्रतियोगिताओं के लिए भैया बहनों को अभी से तैयार करना है ताकि वे अखिल भारतीय स्तर तक सफल हो सके और विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन कर सकें। शांति मंत्र के साथ बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय, प्रभात कुमार सिन्हा, रविता उपाध्याय, नीलम कुमारी सहित अन्य आचार्य गन उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी पुनर्वास कॉलोनी से कटा के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



बड़कागांव(आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना के आधार पर बड़कागांव पुलिस द्वारा एनटीपीसी के ढेंगा पुनर्वास कॉलोनी से नशा में धुत कट्टा लहराते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति बड़कागांव थाना क्षेत्र के कांडतरी गांव निवासी जितेंद्र कुमार का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार भारती रहने वाला है। इस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या 195/ 23 धारा 25(1-बी)ए, 26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए हजारीबाग जेल भेजा गया। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने कहा कि बीती रात गुप्त सूचना मिली की एक युवक हथियार के साथ पुनर्वास कॉलोनी में घूम रहा है। साथ ही शराब के नशे में हथियार भी लहरा रहा है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी दिशा निर्देश में छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की, अवर निरीक्षक रामाशीष यादव, रितेश कुमार राव एवं रिजर्व गार्ड के जवान पुनर्वास कॉलोनी पहुंच कर तलाशी सह छापामारी अभियान शुरू की गई। इस बीच युवक पुलिस को देख कर हड़बड़ाते हुए भागने का प्रयास किया गया, परंतु पुलिस बल के सहयोग से देसी कट्टा के साथ उसे धर दबोचा गया। विधिवत जब्ती सूची तैयार कर बड़कागांव थाना लाया गया एवं दूसरे दिन हजारीबाग जेल भेज दिया गया।

# युवा लेखक बिपिन कुमार गुरु कृपाचार्य अवार्ड से हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागाँव।** बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ गांव निवासी युवा शिक्षाविद व पुस्तक पॉलिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक बिपिन कुमार को गुरू कृपाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड बिपिन को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर मुकुल नारायण देव व अन्य अतिथियों के हाथों प्राप्त हुयी। अवार्ड वितरण पैराडाइज रिजॉर्ट हजारीबाग में झारखंड सम्मान समिति राँची के द्वारा आयोजित की गयी थी। यह अवार्ड बिपिन को कम उम्र में शिक्षक बन कर ग्रामीण विद्यार्थियों को शिक्षा देने के कार्य हेतु दिया गया। बिपिन 24 वर्ष के उम्र मई 2021 में पॉलिटिकल साइंस स्कैनर नामक पांच पुस्तकों की रचना कर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर चुके हैं। इन्होंने पिछले दस वर्षों से छात्र-छात्रों के बीच क्विज, सेमिनार, करियर काउंसलिंग और जागरूकता अभियान का आयोजन कर शिक्षा के क्षेत्र में अहम सेवा दे रहें हैं। विदित हो कि बिपिन भारत के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान से मास्टर ऑफ आर्ट्स की डिग्री प्राप्त की है। इन्होंने प्रथम प्रयास में ही नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की और वर्तमान में शोध और लेखन कार्य में सलंग्न हैं। अवार्ड मिलने पर झारखंड़ सम्मान समिति के सचिव पंकज मिस्त्री, पाणिनि आईएएस एकेडमी के निदेशक डॉ प्रकाश कुमार, गुरूकुल के निदेशक जेपी जैन, अमेरिकन इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर सुदेश कुमार, रितेश सिंह व हजारीबाग के तमाम शिक्षकों और मित्रों ने बिपिन कुमार को बधाई दी है। इससे पूर्व भी बिपिन को गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड-2022 और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा अवार्ड 2023 और डॉ भीमराव अंबेडकर रत्न अवार्ड 2023 से सम्मानित गया है।

## ईंधन निदेशक शिवम श्रीवास्तव ने पंकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना का किया दौरा



बड़कागांव(आजाद सिपाही)। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का इंधन निदेशक शिवम श्रीवास्तव ने दौरा किया। इस दौरे में निदेशक ने सबसे पहले बानादाग रेलवे साइडिंग पहुंचकर वहां चल रही कई कार्यों की समीक्षा की। रेलवे साइडिंग पर मौजूद एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें वहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। डायरेक्ट फ्यूल ने इस मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यों को तेज गति से पूरा किया जाये। बानादाग रेलवे साइडिंग के बाद निदेशक (इंधन) माइन व्यूप्वाइंट पहुंचे जहां पर उन्होंने माइंस में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने माइन एजेंट और अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष से इस मौके पर बातचीत की। माइंस का निरीक्षण करने के बाद डायरेक्टर फ्यूल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सिकरी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरे में डायरेक्टर (फ्यूल) के साथ पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा एवं एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।10

## उप मुखिया संघ ने जानकारी मांगी



विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ उप मुखिया संघ ने जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर बीडीओ को मांग पत्र सौंपा गया। इस सम्बंध में बताया गया कि पंचायत स्तरीय सभी तरह के सरकारी कार्यों की जानकारी ग्राम पंचायत उप मुखिया को उपलब्ध कराया जाय। सभी तरह की योजनाओं की जानकारी संबंधित पंचायत के उप मुखिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें साथ ही ग्राम पंचायत को सशक्त बनाने पंचायत सचिवालय को नियमित रूप से खोलने और क्रियाशील किये जाने हेतु कार्यालय के ज्ञापन 441 दिनांक 18 2020 द्वारा निर्गत रोस्टर के अनुसार पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहकर कार्यों का निष्पादन करें संबंधित मुखिया ग्राम पंचायत की बैठक प्रत्येक माह कम से कम एक बार अवश्य बुलाएं एवं बैठक की कार्रवाई उपलब्ध कराएं। बिष्णुगढ़ उप मुखिया संघ द्वारा मांग की गयी है कि पंचायत स्तर एवं प्रखंड स्तर के सभी तरह के सरकारी कार्यों की जानकारी, पंचायत में और प्रखंड में सरकारी बैठकों में सभी पंचायत के उपमुखियाओं की उपस्थिति, पंचायत में मुखिया मद से होने वाले विकास कार्यों के लिए लगाये जाने वाले शिल्पापट में उप मुखिया का नाम अंकित कराने की मांग की गयी। मौके पर सुनीता कुमारी पूनम कुमारी सुनील कुमार मोहम्मद इकराम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आज भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को छप्पन भोग लगाया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव राम जानकी मंदिर प्रांगण में रथ मेला यात्रा की तैयारियां जोरों पर की जा रही है। पुजारी चिंतामणि महतो के द्वारा भगवान जगरनाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमा का रंग रोगन के साथ नये वस्त्रों से सजाया गया है। वही रथ की रंग रोगन भी आकर्षक ढंग से सजाया रहा है। आज सोमवार को राम जानकी मंदिर में भगवान जगरनाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को 56 भोग लगाया जायेगा। कल 20 जून मंगलवार को मेले का आयोजन किया जायेगा। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि रथ मेला पूजा में शांति व्यवस्था को लेकर आवश्यकतानुसार जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया जायेगा।

बताते चलें कि बड़कागांव में रथ मेला पूजा का 73 वर्ष पुराना इतिहास है। तीलानाथ कुशवाहा, महेश्वरी पंडा के पिता गोविंद पंडा के अलावा प्रखंड के कई वरिष्ठ लोगों के सहयोग से 1941 में पूजा और मेले का शुभारंभ किया गया।

## बसरिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन निर्माण में हो रहा है घटिया काम : मुन्ना केशरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चौपारन (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड की पंचायत बसरिया के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में हो रहे भवन निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जतायी है। बसरिया में सभी लोगों की जुबान पर इन दिनों एक ही चर्चा है कि विद्यालय बनाने में जैसे तेसे काम किया और कराया जा रहा है। हम घर बनाते वक्त भी इस तरह का लिंटर नहीं करते है। बसरिया के युवा समाजसेवी मुन्ना केशरी, चंदन दांगी, नितेश साव, पंकज सोनी, पिंटू सोनी, उमेश साव, अंकित पासवान, प्रेम प्रजापति सहित अन्य युवा विद्यालय भवन निर्माण में चल रहे कार्यो का निरीक्षण करने पहुंचे, तो पाया कि लिंटर की ढलाई लगभग 3 इंच पतली की जा रही है। इस पर जब युवाओं ने जूनियर इंजीनियर से बात कर जानना चाहा, तो उसने कम बजट होने की बात कही। वहीं युवाओं ने जब एस्टिमेट की प्रतिछाया मांगी तो इंजीनियर ने कहा कि हमारे पास ऐसी कोई प्रतिछाया नहीं है। हम लोग इसी तरह से कार्य कर रहे हैं। इसको देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने फिलहाल भवन कार्य को रोकने की मांग की है।

## अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ हजारीबाग जिला कमिटी का पुनर्गठन



विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। बड़ा अखाड़ा हजारीबाग में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ कि बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पांडेय के अध्यक्षता में किया गया। सर्व प्रथम स्वस्तिवाचन, मंगलाचरण कर भगवान परशुराम की स्तुति व वंदना कि गयी। प्रदेश अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले पाँच वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ हजारीबाग में एक अलग पहचान बनाई है, जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर जिला कार्यकारिणी भंग कि गयी थी, जिस का आज पुनर्गठन किया जाना है। इसी क्रम में सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष प्रवेश पाण्डेय , जिला कोषाध्यक्ष रामस्वरूप पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष मिथलेश पाण्डेय, जिला प्रवक्ता रंजीत चौबे युवा प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष पवन जिगर पाण्डेय , जिला महासचिव पवन मिश्रा, जिला सचिव के लिए धनंजय पाण्डेय का चुनाव किया गया। विधि प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष शिवदत्त पाण्डेय , जिला महासचिव आशीष दुबे , जिला उपाध्यक्ष मंनोज शुक्ला जी का चयन किया गया । साथ जिले में बेहतर कार्य करने वाले रौशन पाण्डेय जी को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया।

## पूर्व उपमुखिया और वार्ड सदस्य बाबूलाल पासवान का निधन



मरकच्चो(आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के पूर्व उपमुखिया सह समाजसेवी ताराटांड गांव निवासी बाबुलाल पासवान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। 65 वर्षीय बाबूलाल पासवान कुछ समय से बीमार चल रहे थे जिनका शनिवार देर शाम को अपने घर में ही आकस्मिक निधन हो गया। रविवार को उनके पार्थिव शरीर का पैतृक गांव ताराटांड में अंतिम संस्कार हुआ। मुक्तिधाम में पुत्र सिंटू पासवान ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे एक पुत्र, नाती, पोता समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। निधन की खबर सुन पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने मृतक के पैतृक गांव ताराटांड जाकर शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल पासवान हसमुख और जिंदादिल इंसान थे। उनके चले जाने से सामाजिक क्षति हुई है। डोमचाँच प्रमुख सत्यनारायण गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति हैं जिसकी कमी हमेशा खलेगी। मौके पर मुखिया बीना देवी, आनंद कुमार आनंद, भाजपा नेता किशोर यादव, उपमुखिया शांति मसोमत, मुखिया प्रतिनिधि मनोज यादव, ब्यास पासवान, बीरेंद्र यादव, गिरधारी शर्मा, कपिलदेव सिन्हा, अरविन्द सिन्हा, सुधीर पासवान, रोहित पासवान, दशरथ यादव कई लोग उपस्थित थे।

## अभियुक्त को जेल भेजा

जयनगर(आजाद सिपाही)। भरण पोषण वाद संख्या 03/19 के वारंटी अभियुक्त दिगंबर सिंह (पिता विजय सिंह, ग्राम हीरोडीह थाना जयनगर) को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरसंभव मदद को तत्पर: मुखिया और समाजसेवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चरही।** हजारीबाग जिला अंतर्गत चुरचू प्रखंड के आदर्श ग्राम जरबा में दिनांक 18 जून को ग्राम पंचायत जरबा के द्वारा वर्ष 2023 की वार्षिक माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक परीक्षा सीबीएससी और जैक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह सह कैरियर काउंसलिंग का आयोजन पंचायत सचिवालय में किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ माननीय प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, माननीय मुखिया श्रीमती सुनीता देवी और उपस्थित जनप्रतिनिधि तथा समाजसेवीयों के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक तथा संचालन माननीय मुखिया श्रीमती सुनीता देवी के द्वारा की गयी। इस सम्मान समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में उप मुखिया श्रीमती बसंती देवी विभिन्न वार्डों के वार्ड सदस्य किशोर प्रजापति, श्रीमती उषा देवी, श्रीमती संजू देवी, श्रीमती शोभा कुमारी, पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र साव, रामचंद्र रवि, राजेश राम, शिक्षक तथा बुद्धिजीवी वर्ग से राजेंद्र प्रजापति, प्रकाश कुमार, राम लखन पाठक तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह में सभी सफल परीक्षार्थियों को सम्मानित करते हुए आगे की शिक्षण तथा कैरियर संबंधी जानकारी साझा किया गया। साथ ही आदर्श ग्राम जरबा में निशुल्क संचालित संध्याकालीन आदर्श ग्राम प्रतियोगिता परीक्षा ग्रुप जरबा की उपयोगिता, आवश्यकता तथा महत्व की जानकारी साझा की गयी। चुरचू प्रमुख द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु विभिन्न उपयोगी पुस्तकों की संकलन भेंट स्वरूप प्रदान की गयी। वहीं दूसरी ओर पंचायत की मुखिया ने कही कि छात्राओं का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहता है और मैं खुद भी शैक्षणिक परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबंध रहती हूं। पंचायत में एक अच्छी पुस्तकालय हो इसके लिए मैं विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट से संपर्क में हूं जो कि इस वर्ष निश्चित रूप से पुस्तकालय की स्थापना कर पंचायत में शैक्षणिक सुविधाओं का माहौल ओर बेहतर तैयार किया जाएगा। समारोह में सम्मानित होने वाले परीक्षार्थियों में चुरचू प्रखंड की दसवीं टॉपर नंदनी कुमारी 94.6% गणेश प्रजापति तथा दूसरे स्थान पर रही रूपा कुमारी 93.6% के साथ-साथ दुर्गेश नंदिनी, अंजली, नेहा, निखिल, रानी, उत्कर्ष , शबाना परवीन, श्याम, स्नेह लता, अमन, अभिषेक, पीयूष, आंचल , राधिका, सुधांशु, सीता, जेनब प्रवीण, रिया, ऋषिराज, ऋतुराज, ओमि, अभिषेक, विशेष कुमार रहे, वहीं दूसरी ओर सीबीएसई से माध्यमिक उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में जिज्ञासा किरण 93%, आंचल, श्रेया भगत 92% तथा 12वीं उत्तीर्ण आदर्श कुमार और अनीश कुमार रहे हैं।

## हार्डवेयर ब्रिटिश पेंट्स की गुणवत्ता को लेकर जानकारी दी



बरकट्ठा(आजाद सिपाही): बरकट्ठा बाजार रोड स्थित मंडल हार्डवेयर ब्रिटिश पेंट्स को लेकर बैठक कर उसकी गुणवत्ता को लेकर जानकारी दी गई। बैठक में मंडल हार्डवेयर के मालिक मोनु मंडल ने बताया कि ब्रिटिश पेंट्स 100 साल पुरानी है। इसकी गुणवत्ता आज भी दुसरे पेंट्स से बेहतर है और लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। कंपनी का जेडओ अमृतेश कुमार ने और सेल्स मेन हिमांशु त्रिवेदी ने सभी मिस्त्री को कंपनी के पेंट्स को कैसे घरों में लगाएंगे जिससे पेंट्स सालों साल अपनी चमक बरकरार रखेगी के बारे में डिटेल्स बताया। मौके पर मिस्त्री दशरथ दास, रोहित दास, पिंटू दास, बिनोद दास, राजा दास, चंदन दास, विजय हांसदा समेत दर्जनों मिस्त्री उपस्थित थे।

## छत से गिरने से बच्चा गंभीर रूप से घायल

कोडरमा(आजाद सिपाही)। जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के धनेपुरा में एक बच्चा छत पर से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सिकंदर कुमार तुरी उम्र 10 वर्ष पिता विनोद तुरी ग्राम धनेपुरा राजधनवार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने छत के ऊपर खेल रहा था। खेलने के दौरान अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया।

# आजसू पार्टी के संकल्प दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

## प्रभारी का चयन कर दी गयी जिम्मेवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** आजसू पार्टी की बैठक पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय मे रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह व संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया. इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहू ने कहा की 22 जून पार्टी के स्थापना दिवस को पार्टी संकल्प दिवस के रूप में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संकल्प दिवस पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में मनाई जायेगी। इसमें पूरे विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता एकजुट होकर बड़कगाव विधानसभा क्षेत्र के विकास, यहां की जनता की उन्नति, रोजगार, मान सम्मान सुनिश्चित करने को लेकर संकल्प लेंगे। संकल्प दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय तैयारी समिति का गठन किया गया है। प्रखंड को कुल चार जोन में बांटकर तैयारी समिति का गठन किया गया है। पूर्वी जोन से हरी रत्नम साहू, अखिलेश महतो, द्वारिका महतो, हरेश राय, महेश रजवार, कोयलांचल जोन से विश्वरंजन सिन्हा, ब्यास पांडेय, सतीश सिन्हा, मनोज करमाली मध्य जोन से लालू महतो, राजू मुंडा, सुखदेव महतो, अशोक पाठक, रंजीत यादव, अनिल सोनी, विदेश बेदिया, कैलाश प्रसाद, राणा प्रताप सिंह को रखा गया है वही पश्चिमी जोन से गंगाधर महतो, नित्यानंद कुमार, ब्रजेश सिंह, राजू कुमार, बीरेंद्र झा, राहुल रंजन, कौलेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, छोटू करमाली, लक्ष्मीकांत महतो को जिम्मेवारी दी गयी है। बैठक में राजू कुमार, भुनेश्वर महतो, बीरेंद्र झा, अशोक पाठक, कोलेश्वर महतो, जानकी मुंडा, कला संस्कृति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत महतो, टिकेश्वर महतो, रवि मुंडा, सुधीर कुमार, पंकज कुमार, चमरू महतो, विजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अज्ञातवास से लौटेंगे भगवान रथयात्रा 20 को, तैयारी पूरी

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी होंगे मुख्य अतिथि और विधायक सुनीता चौधरी होंगी विशिष्ट अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** कैथा रथयात्रा महोत्सव को लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गयी है। विधिनुसार भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के अस्वस्थ होने पर उन्हें गद्दी से उतार कर पवित्र स्थान कराया जाता है। भगवान पंद्रह दिनों तक अज्ञातवास में रहते हैं और आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथारुढ़ को मुख्य मंदिर पहुंचते हैं। रथयात्रा को लेकर आयोजन समिति अध्यक्ष देवधारी महतो ने कहा कि आयोजन सबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। क्षेत्र में मेला को लेकर उत्साह है। लोग तैयारी में जुटे हैं। वहीं सचिव राजेश महतो ने कहा कि रथयात्रा को लेकर मेला परिसर आयोजन के लिए तैयार किया गया है।



### मेला में मिक्की माउस और झूला

मेला में झूला, मिक्की माउस आदि अनेक मनोरंजक झूले बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि रथयात्रा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी शामिल होंगी। वहीं मुख्य पुजारी बी.एन चटर्जी ने कहा कि आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन तीनों विग्रहों को स्नान करा गद्दी पर पुनः विराजमान किया जायेगा। मंदिर के पट अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं के खोल दिया जायेगा।

**तन मन से जुटे है लोग :** रथयात्रा को संपन्न करने में आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी, उपाध्यक्ष राज कुमार महतो, संदीप कुमार महतो, अजय आस्था, पंकज कुमार महतो, परितोष चटर्जी, सुदर्शन महतो, सुकर हरिहर पाठक महतो रूपेंद्र महतो, संजय करमाली, रतनलाल महतो आशेश्वर महतो, सहसचिव परितोष चटर्जी, प्रलाद महतो, नीतीश कुमार सहित कैथा ग्रामवासी जुटे हैं।

# टेरपा में मंडा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के टेरपा गांव में शनिवार की रात्रि मंडा पूजा का धूमधाम से आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें भक्तों ने भगवान शिव की विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पालू पंचायत के मुखिया पानो देवी ने फीता काटकर किया। पालू पंचायत में चौमुखी विकास और समृद्धि की कामना करती हूं। इस अवसर पर शनिवार देर रात सोनू म्यूजिकल ग्रुप की ओर से जागरण का आयोजन किया गया। इसमें राजू हलचल की टीम ने एक से बढ़कर बेहतर झांकी प्रस्तुत किया। इस मौके पर पुजारी नंदलाल गिर, विकास कुमार गिरी गणेश चिंतामन करमाली दसई पहान, अध्यक्ष उज्जवल सिंह उपाध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव तिलेश साव, हरिदास साव, विकी कुमार, वीर प्रताप सिंह, राजेंद्र साव रामेश्वर महतो अमित यादव, केदार साव प्रकाश सिंह रिंकू मिश्रा विकास यादव शामिल थे।

# वैंकटेश फैक्ट्री के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** वैंकटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, भाजपा नेता जेपी पांडेय, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने दर्जनों गरीब महिला-पुरुष एवं बच्चों के बीच पूड़ी-सब्जी और शरबत का वितरण किया। मंच के लोगों ने दो माह से गरीबों को भोजन कराने के लिए वैंकटेश फैक्ट्री परिवार सहित कमल केडिया, अंकित केडिया के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुकरा करमाली, लखन राम, रेणुका देवी, लालू उरांव, राजेश वर्णवाल, राजेश श्रीवास्तव, राकेश शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

# नकारी कॉलोनी के शिव मंदिर में अखंड-कीर्तन सह रथ यात्रा 20 को

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** नकारी कॉलोनी के शिव मंदिर में आगामी 20 जून को आयोजित रथ यात्रा को ले 24 घंटे का अखंड-कीर्तन आदि भक्ति अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। अनुष्ठान की सफलता को लेकर सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया। इसमें अखंड-कीर्तन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूजा कमेटी के संयोजक एवं स्वागत के लिए कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार को स्वागत अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सचिव अमित कुमार, पूजा कमेटी के अध्यक्ष मनंजय सिंह, उपाध्यक्ष नीरज यादव, कोषाध्यक्ष पिंटू सोनी और रंजन सोनी चुने गये, जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में तरुण सिन्हा, विकास पांडेय, पार्थो भट्टाचार्य, जयराम शर्मा, अखंड कीर्तन के लिए ब्यास अखिला मंडल, राजेश सिंह, पूजा-अर्चना के लिए पंडित जयवंश पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, रामानंद पटेल, भारत ठाकुर, वीरेंद्र कुमार की 21 सदस्यीय टीम शामिल है। 21 जून को महा भंडारा के साथ अखंड कीर्तन का समापन होगा।

# अवैध कोयला लदा वाहन जब्त

## रामगढ़ थाना में मामला दर्ज, छानबीन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद के निर्देश पर विभाग के कर्मियों ने अवैध कोयला लदा वाहन जब्त किया है। जब्त वाहन को रामगढ़ थाना को सुपुर्द कर दिया है।

रामगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वाहन जांच के दौरान 207 (छोटा हाथी) संख्या बीआर21जी 6786 रोका गया।

जांच पड़ताल करने पर वाहन पर करीब चार टन कोयला लदा था, लेकिन कागजात नहीं पाया गया। इसके बाद वाहन को जब्त कर लिया गया। इसके बाद खनन




विभाग से जांच पड़ताल करायी गयी। इसमें अवैध कोयला परिवहन की बात सामने आयी। जिसके बाद खनन विभाग के इंस्पेकर के आवेदन पर रामगढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया।

## पारसोतिया मंडा टांड़ शिव मंदिर में मंडा पूजा संपन्न

# मंडा पूजा अटूट आस्था का पर्व है: रोहित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के वार्ड नंबर चार अंतर्गत पारसोतिया मंडा टांड़ शिव मंदिर में श्रीश्री शिव पूजा मंडा मेला समिति में आयोजित मंडा पर्व रविवार की सुबह छऊ नृत्य, फूल खुंदी, बनस झूला सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। मंडा मेला में शहर के आसपास मुहल्ले से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इससे पूर्व शनिवार की रात को मंडा मेला व छऊ नृत्य कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने फीता काटकर किया।

रोहित महतो ने कहा कि मंडा पूजा अटूट आस्था का पर्व है। भक्त दहकते अंगारे पर चलकर





शिवभक्ति का अग्नि परीक्षा देते है। रविवार को पूजा समिति ने बंगाल से आए छऊ नृत्य टीम लीडर को मामेंटो देकर सम्मानित किया। मंडा पर्व के धार्मिक अनुष्ठान को पुरोहित गोवर्धन बाबा के अलावा भिखारी महतो, पोकलाल महतो, रोहित महतो, लगन महतो, अशोक गांझू , प्रकाश महतो, निर्मल महतो एवं तेजू करमाली परंपरागत तरीके से अनुष्ठान करेंगे। मंडा पूजा को सफल आयोजन में मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष विक्रम प्रसाद कुशवाहा, अजीत कुमार, शंभू नाथ प्रसाद, सुधीर कुमार, सुजीत कुमार, दिनेश कुमार, राम कुमार, राजेश कुमार, नरेश कुमार, बबली, अनिल कुमार साव, सुजीत गणेश कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, लक्ष्मी कुशवाहा, दयालु महतो, राजेंद्र राजू दा संतोष कुमार, सुरेंद्र दांगी, नीतीश कुमार, कपिल कुमार, पंकज कुमार, बबलू दीपक कुमार, रंजित, दिलीप, चरका, बैजनाथ महतो, राजेश कुमार, रंजित कुमार दीपू सिंह, पारस महतो, शनि मुंडा, रतन कुमार और शिबू गंजू आदि सहयोग दिया।

# मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज हजारीबाग की चतरा शाखा का शुभारंभ

**चतरा (आजाद सिपाही)।** मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज हजारीबाग की चतरा शाखा का शुभारंभ स्थानीय गॉडफ्रे स्कूल में मुख्य अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित फलक फातिमा, कॉलेज के निदेशक नवीन मेहता, प्राचार्य नवीन रंजन, पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरज कुमार तथा संचालन मो मुमताज आलम ने किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि चतरा जैसे पिछड़े जिले में ऐसे महाविद्यालय का खुलना बच्चों के भविष्य को सुसज्जित व संवारने के बराबर है, उन्होंने कहा इस महाविद्यालय के खुलने से यहां के बच्चों को रांची हजारीबाग पटना जैसे शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर पासवा के रांची के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी गण, हजारीबाग जिले की जिला स्तरीय पदाधिकारी गण, चतरा जिले की सभी निजी विद्यालय संचालक गण उपस्थित हुए। इस उद्घाटन समारोह में पासवा के जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह, जिला सचिव आदित्य प्रसाद गुप्ता, ज्ञानेश्वर दयाल, मिंकु कुमार, कुमारी काजल गुप्ता, चारु बाला,अजहर आलम,ऋषि कुमार मयंक, जिला कार्यकारिणी सदस्य पप्पू कुमार गौतम, अजय कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, बच्चन कुमार पांडे उपस्थित थे।

## विरोध : छाई डैम से विस्थापित ग्रामीणों की बलकुदरा पंचायत के महली टोला में हुई बैठक, कहा

# पीवीयूएनएल प्रबंधन ने चार सूत्री मांगों पर पहल नहीं की, तो होगा उग्र आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बलकुदरा पंचायत के महली टोला में रविवार को छाई डैम से विस्थापित ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालन रवि महली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विस्थापित सह झामुमो युवा नेता योगेंद्र यादव उपस्थित हुए। बैठक में विस्थापित ग्रामीणों द्वारा पिछले 5 अप्रैल को पीवीयूएनएल प्रबंधक को सौंपे गये 4 सूत्री मांग-पत्र पर चर्चा की गयी। कहा गया कि तीन माह बीत जाने के बाद भी विस्थापित ग्रामीणों की जन समस्याओं को लेकर पीवीयूएनएल प्रबंधक द्वारा मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी



है। हम विस्थापित ग्रामीणों का हक-अधिकार पीवीयूएनएल प्रबंधक दरकिनार किया जा रहा है। कहा गया कि कंपनी में जो यूपीएल के माध्यम से स्थाई रोजगार में बहाली किया जा रहा है, उसे पीवीयूएनएल प्रबंधक और कुछ दलाल किस्म के लोगों द्वारा मोटी-मोटी रकम लेकर बाहरी लोगों को स्थाई रोजगार में बहाल किया जा रहा है। झारखंड सरकार द्वारा 75 प्रतिशत स्थानीय विस्थापित लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने का जो गाइड लाइन बनी है, उसे प्रबंधक द्वारा दरकिनार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि बलकुदरा छाई डैम में वन विभाग के जमीन में लगे हजारों पेड़ पौधों को काट कर हटाने की तैयारी चल रही है, जिसे देखते हुए विस्थापित ग्रामीणों ने निर्णय लिया है, कि बहुत जल्द पीवीयूएनएल कंपनी के खिलाफ उग्र आंदोलन की घोषणा करेंगे। कंपनी द्वारा हम विस्थापित ग्रामीणों को हक-अधिकार वंचित करने का जो षड्यंत्र रचा जा रहा है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहा गया कि जब तक विस्थापित ग्रामीणों के हक-अधिकार नही मिल जाता है, तब तक किसी हाल मे बलकुदरा छाई-डैम में पीवीयूएनएल कंपनी को काम नहीं करने दिया जायेगा। विस्थापित ग्रामीण अपने हक-अधिकार के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। बैठक में योगेंद्र यादव, मनोज महली, रंजीत उरांव, अनिल मुंडा, अरविंद यादव, अजय उरांव, शशी यादव, सनी मुंडा, विक्रम महली, रोहित महली, दीपक यादव, राजू मुंडा, तिलक यादव, अमित महली, दिपक महली, बीरेंद्र कुमार, सुभाष यादव, विवेक प्रसाद, गुलचंद मुंडा, सौरभ राणा, सतीश मुंडा, सुकेश मुंडा, मोतिचंद मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, बबलू महली, मनिक मुंडा, सोनू मुंडा, उपेंद्र महली आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## ओड़िशा की खबरें

# प्रधानमंत्री ने मन की बात में ओड़िशा की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा का जिक्र किया



**नयी दिल्ली भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा से पहले आज अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में देश को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने ओड़िशा की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा की चर्चा की। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, परसों यानि 20 जून को ऐतिहासिक रथयात्रा का दिन है। रथयात्रा की पूरी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान है। देश के अलग-अलग राज्यों में बहुत धूमधाम से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है। ओड़िशा के पुरी में होने वाली रथयात्रा तो अपने आपमें अद्भुत होती है। जब मैं गुजरात में था, तो मुझे, अहमदाबाद में होने वाली विशाल रथयात्रा में शामिल होने का अवसर मिलता था। इन रथयात्राओं में जिस तरह देश भर के, हर समाज, हर वर्ग के लोग उमड़ते हैं वो अपने आपमें बहुत अनुकरणीय है। ये आस्था के साथ ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी प्रतिबिंब होती है। इस पावन-पुनीत अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मेरी कामना है। भगवान जगन्नाथ सभी देशवासियों को अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें।

# महाबाहु के नवयौवन दर्शन आज, तैयारी पूरी

**भुवनेश्वर पुरी (आजाद सिपाही)।** पवित्र नव यौवन दर्शन सोमवाह को होगा। 15 दिन के अनबसर के बाद महाबाहु भक्तों के दर्शन देंगे। सुबह 8 बजे से 9 बजे तक परमाणिक या टिकट दर्शन के बाद सुबह 9 बजे से 11 बजे तक साधारण दर्शन होंगे। उसके बाद दर्शन पूरी तरह बंद कर घोषयात्रा की तैयारी शुरू हो जायेगी। ज्वाराक्रांत से महाप्रभु 15 दिनों के लंबे अनबसर के बाद गत स्नान पूर्णिमा में अत्यधिक स्नान करने के बाद पूरी तरह से ठीक हो गये हैं। फिर सोमवार को महाप्रभु नव यौवन रूप में असंख्य भक्तों को दर्शन देंगे। सुबह 8 बजे से 9 बजे तक लगभग एक घंटे के लिए परिमाणिक या टिकट दर्शन देखने के लिए दक्षिण द्वार से प्रवेश की व्यवस्था की गई है। टिकट की कीमत 100 रुपये रखी गयी है, जबकि श्रीमंदिर प्रशासन की ओर से 7 हजार टिकट जारी किये गये हैं। बड़ दांड स्थित नीलाद्रि भक्त निवास में आज सुबह 8 बजे से टिकटों की बिक्री भी शुरू हो गयी। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए सार्वजनिक दर्शन की व्यवस्था की गई है। नव यौवन दर्शन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस व श्रीमंदिर प्रशासन और सेवायतों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जैसा कि इस वर्ष नव यौवन दर्शन का एक दिन है, महाप्रभु कल 11 बजे तक नव यौवन दर्शन देंगे। 11 बजे के बाद श्रीगुंडिचा नीति कांति और पहंड़ी तैयारी के लिए सार्वजनिक दर्शन उपलब्ध नहीं होंगे। इस बीच, कल और आज, बहुत अधिक स्नान करने के बाद बुखार से पीड़ित महाप्रभु सम्पूर्ण सुस्थ होने के बाद, दत्तमहापात्र सेवायतों ने महाप्रभु के बनकलागी या श्रीमुख श्रृंगार नीति कर रहे हैं।


# रथ यात्रा को लेकर विशेष ट्रैफिक व्यवस्था

**भुवनेश्वर पुरी (आजाद सिपाही)।** विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा 20 जून को है। महाप्रभु की घोषयात्रा से पहले ट्रैफिक प्रभारी एडीजी अमिताभ ठाकुर ने रथ यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था की जानकारी मीडिया को दी। एडीजी ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्थाओं को तीन भागों में बांटा गया है, दो पुरी शहर के अंदर और एक बाहर। 19 तारीख की मध्य रात्रि से विशेष यातायात गतिशीलता योजना लागू की जायेगी। शहर को 14 जोन और 29 सेक्टरों में बांटा गया है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए 24 पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया गया है। 24 घंटे ट्रैफिक कंट्रोल रूम काम करेगा। भुवनेश्वर और कोणार्क की ओर से आने वाले वाहन तालबानिया और ग्रिड स्टेशन चॉक और ब्रह्मगिरी से आने वाले चार पहिया वाहन फ्लोरिस इंडिया में पार्किंग होंगे।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज से ओड़िशा के दौरे पर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 19 जून से तीन दिवसीय दौरे पर ओडिशा आयेंगे। अपनी यात्रा के दौरान श्री वैष्णव पुरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे और तीर्थयात्रियों के लिए की गयी विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। श्री वैष्णव 20 तारीख को पूर्वाह्न में रथ यात्रा भी देखेंगे। बाद में वह स्थानीय लोगों से बातचीत करने के लिए बालेश्वर बाहानगा बाजार जायेंगे। वह बालेश्वर जिला अस्पताल भी जायेंगे और अस्पताल और जिला प्रशासन के अधिकारियों से मिलेंगे। इसके अलावा बालेश्वर रेलवे स्टेशन के विकास का निरीक्षण और समीक्षा करेंगे।

# एमसीएलजागृति महिला मंडल ने रेगुलेटरी पाड़ा एवं रूपा पाड़ा के 5 बच्चों को साइकिल भेंट की




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के जागृति महिला मंडल ने रेगुलेटरी पाड़ा एवं रूपा पाड़ा के 5 जरूरतमंद बच्चों को 5 साइकिल भेंट की जिसे देखकर स्कूल में पढने वाले बच्चों में खुशी देखती ही बनती थी। एमसीएल जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने यह नेक कार्य मुख्य अतिथि डॉ रेणु अग्रवाल, अध्यक्षा, सीआइएलओडब्ल्यूएस एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से कराया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जागृति महिला मंडल जरूरतमंद बच्चों के भविष्य संवारने तथा उनके उत्थान के लिए समय समय पर साइकिल एवं शिक्षण सामग्री आदि मुहैया कराया जाता है।इस नेक कार्य में जागृति महिला मंडल की उपाध्यक्षाओं अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल, आरती बोरा, रश्मि बेहुरा, अंजली बापट उपस्थित थी। डॉ रेणु अग्रवाल, अध्यक्षा, सीआइएलओडब्ल्यूएस ने जागृति महिला मंडल के सभी कार्यों की समीक्षा करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की।

# जी-20 में भारत का बढ़ता दबदबा

नवंबर 2022 में बाली में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन ने दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक मुद्दों पर सुनने और कहने के लिए एक मंच प्रदान किया। वैश्विक-व्यवस्था में चल रही अराजकता के बीच, बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन आशा की किरण के रूप में सामने आया,+ क्योंकि इसने एक ऐसा मंच प्रदान किया जहां दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं तेजी से बदलती दुनिया में एक सामूहिक कर्मभूमि खोजने की कोशिश करने के लिए साथ आयीं। जी-20 का मुख्य उद्देश्य हमेशा सामूहिक कार्रवाई और दुनिया भर के प्रमुख विकसित देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच समावेशी सहयोग के महत्व को पहचानना रहा है और एक प्रमुख बहुपक्षीय मंच के रूप में, यह भविष्य की वैश्विक आर्थिक वृद्धि और समृद्धि हासिल करने में एक रणनीतिक भूमिका रखता है क्योंकि इसके सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 85 प्रतिशत से अधिक, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत और दुनिया की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभ में, जी-20 शिखर सम्मेलन केवल मैक्रोइकोनॉमिक्स के मामलों पर केंद्रित था, हालांकि वर्षों से इसने व्यापार, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, कृषि, भ्रष्टाचार विरोधी, पर्यावरण से संबंधित मुद्दों को शामिल करते हुए अन्य पहलुओं की ओर आर्थिक क्षेत्र से परे अपने क्षितिज का विस्तार किया है। भारत ने इंडोनेशिया से जी-20 नेतृत्व की कमान संभाली। इसके बाद क्रमशः 2024 और 2025 में ब्राजील और फिर दक्षिण अफ्रीका का स्थान होगा। नेतृत्व की यह अवधि वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक ऐसे समय में एक अवसर प्रस्तुत करता है जब महान शक्तियों के बीच तनाव जी-20 को कमजोर करने को चुनौती देता है लेकिन इसका सफल परिणाम इस वर्ष भारत के नए मित्र जापान के नेतृत्व में विकसित अर्थव्यवस्थाओं के जी-20 समूह पर भी निर्भर हो सकता है। जी-20 भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक सहित अधिकांश बहुपक्षीय संगठनों की निर्णय लेने वाली प्रणालियों के लिए हाशिए पर बना हुआ है। पिछले साल, भारत के नेताओं ने देखा कि इंडोनेशिया को यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी कि यूक्रेन में रूस के युद्ध के नतीजे इंडोनेशिया के बाली में वार्षिक जी-20 शिखर सम्मेलन बेनतीजा न रहे। इस साल, नई दिल्ली का लक्ष्य जी-20 को एक नई दिशा में ले जाना है-साथ ही वैश्विक दक्षिण के नेता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना है, जैसा कि उसने खुद को पहले करते देखा था। भारत की अध्यक्षता को दुनिया भर के विशेषज्ञों द्वारा अपार संभावना और क्षमता के साथ एक असाधारण और अभूतपूर्व अवसर के रूप में माना जा रहा है। प्रेसीडेंसी के लिए भारत का नेतृत्व पहले से ही आर्थिक विकास, लैंगिक समानता, शांति और सुरक्षा और सार्वभौमिक लाभ के लिए तकनीकी नवाचारों के उपयोग के बीच संबंधों का दोहन करने के लिए प्रतिबद्ध है।


**प्रारंभ में, जी-20 शिखर सम्मेलन केवल मैक्रोइकोनॉमिक्स के मामलों पर केंद्रित था, हालांकि वर्षों से इसने व्यापार, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, कृषि, भ्रष्टाचार विरोधी, पर्यावरण से संबंधित मुद्दों को शामिल करते हुए अन्य पहलुओं की ओर आर्थिक क्षेत्र से परे अपने क्षितिज का विस्तार किया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है। सभ्यतागत महत्व के उपेक्षित स्थलों का पुनर्विकास करना सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। मई 2023 तक, सरकार द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता की विरासत को संरक्षित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हुए देश भर में तीर्थ स्थलों को कवर करने वाली 1584.42 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाओं को प्रसाद (पीआरएएसएडी) यानी (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत अनुमोदित किया गया है।**

# भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण : सरकार की पहल और सांस्कृतिक पुनरुद्धार

**नानू भसीन और ऋतु कटारिया**



भारत अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है। देश में अनेक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्राचीन स्थल और विरासत स्मारक मौजूद हैं। भारत सरकार ने देश की कालातीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 'विकास भी विरासत भी' के नारे के तहत यह प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है। सभ्यतागत महत्व के उपेक्षित स्थलों का पुनर्विकास करना सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। मई 2023 तक, सरकार द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता की विरासत को संरक्षित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हुए देश भर में तीर्थ स्थलों को कवर करने वाली 1584.42 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाओं को प्रसाद (पीआरएएसएडी) यानी (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत अनुमोदित किया गया है।

कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और वाराणसी में कई अन्य परियोजनाओं ने शहर की गलियों, घाटों और मंदिर परिसरों को बदल दिया है। इसी तरह, उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना और गुवाहाटी में मां कामाख्या कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध करने, उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक ऐतिहासिक क्षण में, अगस्त 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के लिए भूमिपूजन हुआ और एक भव्य मंदिर का निर्माण जोरों पर है।

**पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है।**

एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास के तहत 825 किमी लंबी चारधाम सड़क परियोजना है, जो चार पवित्र धामों को निर्बाध बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2017 में केदारनाथ में पुनर्निर्माण और विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, जिसमें श्री आदि शंकराचार्य की समाधि भी शामिल थी, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ में तबाह हो गयी थी। नवंबर 2021 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केदारनाथ में श्री आदि शंकराचार्य की समाधि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया था। इसके अतिरिक्त, गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ने वाली दो रोपवे परियोजनाएं पहुंच को और बढ़ाने और भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार हैं।

सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सरकार के समर्पण के एक और उदाहरण में, प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सोमनाथ प्रोमेनेड, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इसी तरह, करतारपुर कॉरिडोर और एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब में मत्था टेकना आसान हो गया।

हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं। बौद्ध सर्किट के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे भक्तों के लिए बेहतर आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित हुआ है। 2021 में, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया, जिससे महापरिनिर्वाण मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सके।

पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है। इसके अलावा नरेंद्र मोदी ने मई 2022 में नेपाल के लुंबिनी में तकनीकी रूप से उन्नत भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखी थी, जो बौद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

पुरावशेषों की वापसी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। 24 अप्रैल, 2023 तक, भारतीय मूल के 251 अमूल्य पुरावशेषों को विभिन्न देशों से वापस प्राप्त किया गया है, जिनमें से 238 को 2014 के बाद से वापस लाया गया है। भारत के अमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश के सांस्कृतिक खजाने की सुरक्षा और पुनः प्राप्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण है।

हृदय (हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना) योजना के तहत 12 विरासत शहरों का विकास एक असाधारण विरासत के संरक्षक के रूप में खुद को स्थापित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत प्रभावशाली 40 विश्व विरासत स्थलों का दावा करता है, जिनमें से 32 सांस्कृतिक हैं, 7 प्राकृतिक हैं, और 1 मिश्रित श्रेणी के अंतर्गत है, जो भारत की विरासत की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करता है। पिछले नौ वर्षों में ही विश्व विरासत स्थलों की सूची में 10 नए स्थलों को जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त, भारत की अस्थायी सूची 2014 में शामिल 15 साइटों से बढ़ कर 2022 में 52 हो गयी है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता और बड़ी संख्या में विदेशी यात्रियों को आकर्षित करने की क्षमता का संकेत है।

भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को महीने भर चलने वाले काशी तमिल संगमम के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया - जो कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाना, देश के शिक्षण के 2 सबसे महत्वपूर्ण स्थानों फिर से पुष्टि करना और उन्हें खोजना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार को सशक्त रूप से बढ़ावा देती है, जिसका उद्देश्य देश की संस्कृति का जश्न मनाना है। हाल ही में, देश भर के सभी राज्यों के सभी राजभवनों द्वारा राज्य दिवस मनाने का निर्णय भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को उजागर करता है।

इन सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं और पहलों के माध्यम से, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वे देश की समृद्ध संस्कृति के प्रति गहरी जागरूकता और इसकी विरासत को संरक्षित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सरकार का उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक खजाने की रक्षा और प्रचार करके, भारतीय इतिहास और संस्कृति की वर्तमान और भावी पीढ़ियों की समझ को समृद्ध करना है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या को आकर्षित करने की क्षमता और विरासत स्थलों को पुनर्जीवित करने के चल रहे प्रयासों के साथ, भारत की प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक परंपराएं वैश्विक मंच पर चमकती रहेंगी।

**(लेखक : नानू भसीन, अपर महानिदेशक, और ऋतु कटारिया, सहायक निदेशक हैं। दोनों लेखिकाएं पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार की अधिकारी हैं। रिसर्च यूनिट, पीआइबी से इनपुट।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### नारायणा आइआइटी के छात्र-छात्राओं ने फिर जेइइ में पायी सफलता




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में उच्च शिक्षा का स्तर को बेहतर बनाने वाले देश की अग्रणी इंजिनियरिंग और मेडिकल कोचिंग संस्थान ह्यनारायणा आई.आई.टी. नीट एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. 2023 में अपार सफलता अर्जित की। रविवार को साकची स्थित जमशेदपुर सेन्टर में जानकारी देते हुए नारायणा के निर्देशक श्याम भूषण ने बताया नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के 39 छात्र छात्राओं ने जे.ई.ई. 2023 के परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। श्री भूषण ने बताया 39 सफल छात्रों की सूची जारी की गई है। जबकि अभी भी रिजल्ट की जांच होनी बाकी है। सफल छात्र-छात्राओं में अरित्रा कोलाय (जेनरल) ऑल इंडिया में 2816 रैंक, सुमित कुमार (जेनरल) ऑल इंडिया में 3797 रेंक प्राप्त की, अर्चिसा पाल 8699 रैंक, पुस्कर 11211 रेंक, शिवान्स सिंह 12495 रैंक,स्वयं श्रीवास्तव 12791 रैंक, रिषभ सिंगरौर 15120 रैंक, सोमेश गोराई 16526 रैंक,दिव्यांस दत्ता 18861 रैंक, प्रशांत कुमार शर्मा 20778 रैंक, आयुष कुमार 22473 रैंक,रश्मि बेसरा एस.टी 1578 रैंक प्राप्त की। उन्होंने बताया कि नारायणा आई.आई.टी. नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक व कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है। बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण में एक पूर्ण लाईब्रेरी से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते है। उन्होंने बताया नारायणा पूरे भारत में एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कराती है। श्री भूषण ने बातया नारायणा सेन्टर में विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर को बढ़ाने के लिए साप्ताहिक टेस्ट भी ली जाती है। जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर अपने रैकिंग का पता चलता है। उन्होंने बताया कि सेंटर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को केवल अपने कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों से कम्प्टीशन नहीं बल्कि पूरे भारत स्तर पर नारायणा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से कम्प्टीशन रहती है। उन्होंने कहा नारायणा न केवल इंजिनियरिंग और मेडिकल इन्स्टीच्यूट के रूप में जानी जाती है। बल्कि पूरे भारत में इंजिनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, डेन्टल कॉलेज, जूनियर कॉलेज के लिए अपना एक अहम स्थान रखता है।मौके पर छात्रा अर्चिसा पाल ने बताया बीते 2 साल से नारायणा में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मेरा सबसे बड़ा तेरी नारायणा को जाता है। कल से काउंसलिंग शुरू होने से देखा जाएगा कौन से ब्रांच मिलता है। वही रिजल्ट आने के बाद सभी छात्र छात्राओं के चेहरे में खुशी देखने को मिला।

### चौका में मोदी सरकार के नौ साल पर लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

# पूरी दुनिया में बज रहा है मोदी की आयुष्मान भारत योजना का डंका

**स्वरूप भट्टाचार्य**



**इचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चौका हाई स्कूल मैदान में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र सरकार के नौ साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण वर्ष के तहत इचागढ विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मोदी शासन के नौ वर्ष के दौरान की गयी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। तीसरी बार पुनः मोदी सरकार को गद्दी में बैठाने की हुंकार भरी गयी। स्वागत भाषण में भारतीय युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक आचार्य ने कहा कि नौ साल बेमिसाल के तहत हर योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के हर घर के लाभुक तक पहुंचाना ही हमारा मकसद है।

**विस्थापितों का मुद्दा आज तक नहीं सुलझाः विनोद राय**

भाजपा नेता विनोद राय ने कहा कि चांडिल डैम बने लगभग 40 साल हो गये, परंतु विस्थापितों का मुद्दा आज तक सुलझ नहीं पाया है। कुछ दिन पहले अखबार के माध्यम से पता चला कि इस वर्ष डैम का जल स्तर 185 मीटर तक रखा जायेगा। ऐसे में ईचागढ़ विधानसभा के अधिकतर गांव जलमग्न हो जायेंगे ओर ग्रामीण जानता बेघर हो जायेगी। श्री राय ने कहा कि जब तक विस्थापितों का मुद्दा हल नहीं होता है, तब तक डैम का जल स्तर 185 मीटर होने नहीं दिया जायेगा। इसके खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जायेगा। श्री राय ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच रखा। मसलन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना स्वच्छ भारत अभियान के तहत हर परिवार को शौचालय,उज्ज्वला योजना के तहत हर परिवार को दो गैस सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध करवाया गया है।

**भाजपा ही गरीबों की हितैषीः विजय**

भाजपा के सरायकेला-खरसावां जिला के जिला अध्यक्ष विजय महतो ने कहा कि भाजपा गरीबों की पार्टी है। इसका उदाहरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पेश किया है। ग्रामीण क्षेत्र के हर अंतिम परिवार तक हर कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंच रहा है।

**मोदी दुनिया के नंबर एक प्रधानमंत्रीः विनोद सिंह**

झारखंड भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नरेंद्र मोदी दुनिया के नंबर एक प्रधानमंत्री हैं। इनके नौ वर्ष के कार्यकाल में जितना गरीबों के हित के लिए कार्य किया गया है, वह विगत 70 वर्षों में नहीं किया गया था। आने वाले 2024 के लोकसभा ओर विधानसभा के चुनाव में भाजपा के प्रतिनिधि को चुन कर पुनः मोदी की सरकार बनानी है ओर झारखंड से हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकना है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री युधिष्ठिर महतो ने किया और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता रमेश हांसदा ने किया। इस अवसर पर अनिता पारीक, मनु सिंह सरदार, मोतीलाल कुमार, भरत चंद्र महतो, बासुदेव सिंह, सरदार विश्वनाथ उरांव, चंद्र मोहन दास, जगदीश सिंह सरदार, फोटिक गोराई, अनिल सिन्हा, विनय कृष्ण, नकुल गोराइ सहित इचागढ प्रखंड के भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष, प्रमुख कार्यकर्ता और महिला समिति के लोग शामिल हुए। महिलाओं की उपस्थिति बड़ी संख्या में थी।

### अर्पण ने 1133 यूनिट रक्त एकत्र किया

# सबसे बड़ा होता है रक्तदान, इसकी बराबरी नहीं हो सकतीः सरयू राय




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अर्पण की और से आयोजित रक्तदान शिविर भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर प्रारम्भ किया गया इस मौके पर रक्तदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। 1133 रक्तदाताओं ने रक्त देकर जीवन बचाने का संकल्प लिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 3000 पौधें वितरित किए। रेडक्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर में लगाए रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विशिष्ट अतिथि माननीय सांसद विद्युतवरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के माननीय विधायक सरयू राय, विधायक मंगल कालिन्दी , समाज सेवी श्रीमती मीरा मुंडा, वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार , तख़्त श्री हरमंदिर साहिब के महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह ने अपनी उपस्थिति प्रदान की, अतिथि के रूप में मजदूर नेता राकेश्वर पांडे, वरीय कांग्रेस नेता अजय सिंह, टाटा मोटर्स यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आर के सिंह , समाजसेवी शिव शंकर सिंह, उपस्थित हुए और संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने की।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने युवा रक्तदाताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि आज सैकड़ों की संख्या में युवा रक्तदातों की सहभागिता ये सुनिश्चित करने के लिए काफी हैं कि ये युवा समाज की चुनौतियों से लड़ने के लिए स्वयं को तैयार रखे हैं।ये सुखद अनुभव हैं जब सैकड़ों की संख्या में वैसे युवा शामिल हैं जो आज पहली बार रक्तदान कर रहे हैं। ये उदाहरण हैं भावी पीढ़ी के लिए जो नशा से स्वंय को अलग रखकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विद्युत वरण महतो ने कहा कि - रक्तदान महादान है, आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जीवन का रक्षण हो सकता है, अर्पण परिवार पिछले 8 वर्षों से यह कार्य सफलतापूर्वक कर रहा है, मेरी शुभकामनायें अर्पण परिवार के साथ है। अपने संबोधन में सरयू राय ने कहा कि रक्त जीवन की सृजन की मूल हैं और कोई भी रक्त के अभाव में दम न तोड़े ऐसी प्रतिवद्धता के साथ युवाओं का आत्मबोध उसी कड़ी का एक अंग है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुखिया, उपमुखिया और समाजसेवी ने निजी खर्च से दो वर्ष पूर्व टूटे नवका बांध की करायी मरम्मत



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव के नवका बांध के बीते दो वर्ष से टूटे रहने के कारण सिंचाई सहित आवागमन भी बाधित हो रहा था। इस संबंध में ज्ञात हो कि रविवार को मझिगावां पंचायत के मुखिया पति शंभूनाथ साह, उप मुखिया श्रवण पासवान, युवा समाजसेवी मार्तण्ड चौबे के निजी खर्च से दो वर्ष पूर्व में टूटे नवका बांध का सभी के सहयोग से रविवार को मरम्मत किया गया। यह बांध टूटने की वजह से बीते दो वर्षों से सिंचाई के साथ-साथ राहगीरों को भी वाहनों से आने -जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ज्ञात हो कि इसी बांध पर बने रास्ते के सहारे ही सखुईयाखाला, बनरखोहा टोले पर व उ.म. विद्याहय मझिगावां पूर्व के विद्यार्थियों का स्कूल जाने का एकमात्र सीधा रास्ता यही था। इस बांध का मरम्मतीकरण हो जाने से सभी किसानों व राहगीरों के साथ-साथ विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं को सहूलियत होगी। मौके पर नरेश पासवान, सुनील यादव, वार्ड सदस्य अक्षय चौबे, संतोष चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया ने मृतक के परिजनों को श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के बेलाबार गांव निवासी न्याजुद्दीन अंसारी की पत्नी मजलूम बीबी की मृत्यु की खबर सुनकर मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने घर जाकर उनकी मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त कर ढाढस बंधाया। वहीं मुखिया मूंगा साह ने मृतक के परिजनों को श्राद्धक्रम करने के लिए 50 किलो आटा एवं 1000 नगद राशि देकर सहयोग किया। मुखिया मूंगा साह ने कहा कि पंचायत के हर गरीब, असहाय व्यक्ति को सहयोग करते आ रहे हैं और करते रहेंगे। मौके पर मेराजुद्दीन अंसारी, निसार अंसारी, रहमान मियां, इदरीस अंसारी, फनकार साहेब, इकबाल अंसारी, मुन्ना अंसारी, अब्दुलहक अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जेइइ एडवांस 2023 में आरके पब्लिक स्कूल,गढ़वा की छात्रा धारा सोनी हुई सफल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर की धारा सोनी आईआईटी गुवाहाटी द्वारा घोषित जेईई एडवांस 2023 में अपनी सफलता का परचम लहराया है। उसे ओबीसी-एनसीएल रैंक 8294 प्राप्त हुआ है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है। आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा धारा सोनी ने सीबीएसई मैट्रिक (दसवीं) 2020 की परीक्षा में 93.4% अंक प्राप्त कर अपने स्कूल में चौथा स्थान लाकर स्कूल व अपने माता-पिता के साथ-साथ गढ़वा जिला को भी गौरवान्वित किया था। आज फिर उसने अपने लगन और परिश्रम से जेईई-एडवांस में अपनी सफलता का परचम लहराकर सभी को गौरवान्वित किया। गढ़वा शहर के मेन रोड निवासी प्रवीण सोनी (लक्ष्मण अलंकार) व मनी देवी की पुत्री धारा सोनी की शिक्षा नर्सरी से दसवीं तक आरके पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा गढ़वा से हुई। वह शुरू से ही स्कूल की मेधावी छात्रा रही। उसकी इस सफलता पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### टाइटन वर्ल्ड और आइ प्लस शोरूम गढ़वा में केक काटकर पिता दिवस मनाया गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आज टाईटन वर्ल्ड एवं आई प्लस शोरूम गढवा में पिता दिवस केक काट कर मनाया गया। प्रोपाइटर नितेश केशरी ने बताया अभी घड़ी और चश्मा पर 25% छूट चल रही है। इस मौके पर कमलेश कुमार गुप्ता, प्रो. उमेश सहाय, सतोष कुमार, रविन्द्र केशरी, सुनील अग्रवाल, उमेश केशरी, सदीप केशरी, विजय कुमार केशरी, रोशन कुमार, सतीश, अमीत, प्रवीण उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** सात करोड़, 32 लाख रुपये की लागत से 54 सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति


# गढ़वा नप क्षेत्र की सभी कच्ची सड़कें बनेंगी पक्की : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**इन सड़कों का निर्माण 15वें वित्त मद की राशि से किया जाएगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

गढ़वा। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र की कोई भी सड़क अब कच्ची नहीं रहेगी। सभी सड़कों का पक्की करण किया जाएगा। गढ़वा नप नगर क्षेत्र की 54 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके लिए सात करोड़, 32 लाख रुपए राशि की स्वीकृति दी गई है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पूरे गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र का सर्वे कराया गया था। इनमें 160



कच्ची सड़कें पाई गई थीं। इनमें प्रथम चरण में 54 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनका निर्माण 15वें वित्त मद की राशि से किया जाएगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि शेष बची सड़कों की भी यथाशीघ्र स्वीकृति दिला कर विभिन्न मदों से कार्य कराया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आजादी के 76 वर्षों बाद भी आज तक गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में कच्ची सड़कें हैं, यह बहुत ही दुखद बात है। गढ़वा की इस समस्या को पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने पूरे शहरी क्षेत्र का सर्वे कराया था। अब गढ़वा शहर की सभी सड़कों का पक्की करण किया जाएगा। नगर परिषद क्षेत्र में अब कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि आज तक शहर की इस दुखद स्थिति को दूर करने के लिए पूर्व के किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई प्रयास नहीं किया। मंत्री ने कहा कि शहर में भी कच्ची सड़क का होना दुर्भाग्य की बात है। परंतु अब गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र का यह दुर्भाग्य बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा।

**एक सप्ताह के अंदर निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा**

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत सड़कों में वार्ड एक में 15, वर्ग दो में आठ, वार्ड तीन में एक, वार्ड चार में दो, वार्ड पांच में एक, वार्ड छह में एक, वार्ड आठ में एक, वार्ड 12 में एक, वार्ड 1 3 में सात, वार्ड 15 में तीन, वार्ड 16 में एक, वार्ड 18 में पांच तथा वार्ड 19 में सात सड़कें शामिल है। इन सड़कों का निर्माण विभिन्न पैकेजों में बांटकर किया जाएगा। इनमें 40 लाख से लेकर 98 लाख तक का पैकेज बनाया जाएगा।

## मुखिया ने 41 चापाकल और जल मीनार की स्वीकृति दिलाने पर मंत्री मिथिलेश को दी बधाई

**पेयजल की किल्लत से परेशान थे बलिगढ़ पंचायत वासी, मुखिया ललिता कुमारी का प्रयास रंग लाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केतार।** बढ़ते तापमान में पेयजल की किल्लत पूरे प्रखंड में भयानक रूप लेती जा रही है। पानी का स्तर दिन प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है। जिससे कई चापाकल एवं पेयजल के अन्य स्रोत सूखते जा रहे हैं। पेयजल की समस्या भयानक रूप लेती जा रही है। इस समस्या से प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत की मुखिया ललिता कुमारी ने पेयजल स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को अवगत कराया। स्थिति को देखते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने विभाग से 41 चापाकल सहित जल मीनार की स्वीकृति दिलायी। विभाग ने पंचायत के खोन्हर एवं चेचरिया में आकर सर्वे किया। जिसमें खोन्हर में 21 और चेचरिया में 20 चापाकल सहित जलमीनार के पॉइंट चिन्हित किये गये। रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना व नारियल फोड़ कर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने हर घर नल से जल देने की प्रक्रिया तेजी से शुरू की। जिसको लेकर बलिगढ़ पंचायत में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। जिसकी जानकारी देते हुए बलिगढ़ पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी ने मिथिलेश ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि मंत्री जी के द्वारा पेयजल स्वच्छता विभाग की ओर से हमारे पंचायत के दो गांव में 41 बोर के साथ पानी टंकी की स्वीकृति दी है। इसके लिए झारखंड सरकार को पंचायत वासियों की ओर से ढेर सारी बधाई। उन्होंने कहा कि हमारे पंचायत में पानी की काफी किल्लत है। उस किल्लत को धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। मैं हमेशा चाहती थी कि हमारे पंचायत में कोई भी व्यक्ति पानी के लिए परेशानी का सामना ना करे। जो मेरा प्रयास था वह आज सफल रहा है और मैं आगे भी हर कार्य के लिए बढ़-चढ़कर प्रयासरत रहूंगी।

मौके पर रमेश राम, संवेदक अमित सिंह, ग्रामीण उदेश साह, मालुकी साह, इंद्रदेव साह, बालेश्वर साह उपस्थित थे।

## मंत्री की शादी की सालगिरह पर रेफरल अस्पताल में मरीजों के बीच फल और वस्त्र का वितरण

**रंका झामुमो प्रखंड कमेटी ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के शादी की सालगिरह के मौके पर रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के बीच फल तथा अंग वस्त्र का वितरण रंका झामुमो प्रखंड कमेटी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर झामुमो के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर उदीयमान सूर्य के समान सदियों से अंधेरे में डूबा गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास की रोशनी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बात को जनता पूर्व के जनप्रतिनिधियों और वर्तमान के हमारे विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जान रही है और भली-भांति आकलन भी कर रही है। उन्होंने कहा कि अब जनता किसी भी प्रकार के जाति, धर्म आदि की बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने मंत्री सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास पुरुष के शादी की सालगिरह पर मंत्री दंपति की जोड़ी सलामती की दुआ की है। वहीं झामुमो प्रखंड कमेटी ने रंका वासियों की ओर से बहुत-बहुत बधाई दी है। इस अवसर पर रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी एवं उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ कुलदेव चौधरी, स्वास्थ्य कर्मी विपिन यादव, एएनएम शांति देवी, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम, द्वारिका मेहता, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, इसराइल सिद्दीकी, राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि, शाह मोहम्मद खान, फिरोज, मुमताज अली रंगसाज सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गढ़वा रंका विधानसभा में विकास कार्य को दो नाथों ने रोक रखा था : नितेश सिंह

**लगातार हो रहे विकास कार्य को देख अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं पूर्व के विधायक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य को देख पूर्व के विधायक एवं जनप्रतिनिधि के आंख में जलन हो गई है। 14 जून को हुए मेगा शिलान्यास के बाद पूर्व विधायक दो नाथ एक गिरिनाथ एक सत्येंद्र नाथ अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। प्रेस वार्ता जानकारी देते हुए 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहां की गढ़वा के विकास पूर्व के यहां थे दो प्रतिनिधि नाथ जो पूरी तरह से गढ़वा रंका विधानसभा को विकास कार्य में अनाथ बना दिए थे। और अब मिथिलेश ठाकुर के द्वारा किए जा रहे विकास कार्य उनको पच नहीं रहा है, जिससे बौखलाकर उनके द्वारा अनर्गल बयान बाजी सोशल मीडिया के द्वारा की जा रही है। वह जनता को गुमराह करना चाह रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां के सम्मानित नेता गिरनाथ सिंह 17 साल राजनीति किए हैं, जिनके कार्यकाल में भी विकास नहीं हो पाया। पूरे साल जनता को गुमराह करके रखा और वह भी आज हो रहे विकास कार्य को देखकर बयान बाजी कर रहे हैं। मेगा शिलान्यास को लेकर टिप्पणी कर रहे हैं।

### एकल अभियान के बैनर तले रंका अनुमंडल मुख्यालय में निकाली गयी प्रभात फेरी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्लस टू उच्च विद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय एकल अभियान संभाग दक्षिण झारखंड भाग पलामू के कार्यकर्ता क्षमता विकास वर्ग प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत एकल अभियान के बैनर तले रंका अनुमंडल मुख्यालय में रविवार को प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी थाना मोड़ होते हुए दुर्गा मंडप तथा श्री रघुनाथ अखाड़ा रंका में पहुंची जहां पर श्री दुर्गा माता एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। ज्ञात हो कि एकल अभियान के द्वारा सनातनियों को प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों में विद्यालय के रूप में ग्रामीणों एवं नौनिहालों को सनातन धर्म से जुड़े रखने सहित अनुशासन के क्षेत्र में शिक्षा देकर सराहनीय कार्य करते हैं। प्रभात फेरी में हरि कथा योजना प्रमुख प्रभाकर पांडेय, संभाग अभियान प्रमुख राजनाथ उरांव, संभाग प्रशिक्षण प्रमुख अर्जुन सिंह, प्रशिक्षण प्रमुख अशर्फी चौधरी, अभियान प्रमुख अखिलेश कुमार सिंह, अवध यादव, रंका समिति से जुड़े भाजपा नेता उत्तम पांडेय, अंचल अभियान प्रमुख राजीव कुमार यादव, कंचनपुर संच प्रमुख ओम प्रकाश चौरसिया, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, भाजपा युवा नेता संतोष चंद्रवंशी आलोक कुमार, राजेश कुमार चौधरी, विहिप के डॉ दीनानाथ प्रसाद सहित सभी अंचल से आए हुए अंचल प्रमुख, शिक्षा प्रमुख एवं गढ़वा, पांकी, लातेहार से आए हुए प्रशिक्षण प्रमुख शामिल थे।

### ज्ञान रंजन चौबे मेराल दक्षिणी एवं छोटू यादव चिनियां भाजयुमो अध्यक्ष मनोनीत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने चिनियां मंडल एवं मेराल दक्षिणी मंडल के लिए मंडल अध्यक्ष की घोषणा की। जिसमें मेराल दक्षिणी ज्ञान रंजन चौबे एवं चिनियां मंडल में छोटू यादव को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर दोनों मंडलों में कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिले के एक एक मंडल की समीक्षा कर ठीक किया जाएगा। मंडल कमिटी के निर्माण में सभी पंचायतों से युवाओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजयुमो आनेवाले दिनों में हर बूथ स्तर पर संगठन का निर्माण करने जा रहा है। इससे अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी संगठन से जोड़कर उनके हक अधिकार के लिए संघर्ष किया जाएगा। वन बूथ 20 यूथ को जोड़कर संगठन को धारदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान की झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर ठगने का काम किया है। गढ़वा जिले से युवाओं को मजबूरी में पलायन करना पड़ रहा है। इसलिए युवाओं को संगठित कर उनके हक अधिकार के लिए भाजयुमो संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में 2024 में केंद्र एवं राज्य में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इसके लिए गांव गांव शहर हर जगह युवाओं को संगठित किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, जिला महामंत्री विकास तिवारी, देवकांत ओझा, गिरिवर यादव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यालय के टॉप 10 भैया-बहनों का अभिनंदन समारोह आयोजित

# मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के स्कूल टॉपरों को मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित

**एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं का प्रथम कक्ष प्रवेश का हुआ शुभारंभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यालय के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त भैया-बहनों का सम्मान समारोह एवं सुसज्जित एलकेजी और यूकेजी के कक्षाओं में प्रथम प्रवेश का शुभारंभ भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर मुख्य अतिथि शारदा महेश प्रताप देव, संकुल संयोजक अरविंद सेंगर, उपाध्यक्ष डॉक्टर धर्म चंद लाल अग्रवाल, सचिव रवि प्रकाश, सह सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष राज कुमार प्रसाद, समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, शैलेश अग्रवाल, शशिकला, नीरज पांडेय, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार एवं प्रधानाचार्य रवि कांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया।

विदित हो कि प्रातः 6.00 बजे से ही आचार्य कौशलेंद्र झा के द्वारा प्रतिनिधि यजमान कृष्ण कुमार पांडेय ने विधिवत कलस्थापन, हनुमत पूजन, पंच देवता पूजन, हवन, आरती आदि किया गया। प्रधानाचार्य रवि कांत पाठक के द्वारा सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक रूप से किया गया।

प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने मैट्रिक परीक्षा प्रमाण का वृत्त प्रस्तुत करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी 74 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।

मुख्य अतिथि शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि शिक्षा मात्र जीवकोपार्जन के लिये नहीं बल्कि मानव निर्माण के लिये होना चाहिये। इस प्रकार के आयोजन हेतु विद्यालय परिवार का मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझ कर अमल करने की आवश्यकता है यह भारतीय परंपरा पर आधारित नीति है। इसमें क्षेत्रीय भाषा की प्राथमिकता दी गई है। नन्हीं दुनिया के लिए यह एक अनूठी पहल है।

डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने शारदा महेश प्रताप देव जी को एवं सचिव रवि प्रकाश ने संकुल संयोजक अरविंद सेंगर जी को अंगवस्त्र एवं रामचरितमानस देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भवनाथपुर नगरी के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, केतार के प्रधानाचार्य मनोज कुमार, अभिभावक इंद्रशेखर पांडेय, सुनील गुप्ता, गोपाल सिंह यादव, शशिमोहन चौबे, रजिया खातून आदि उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडेय, विवेक कुमार नीरज सिंह, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, सतेंद्र प्रजापति, पिंटू कुमार सिंह, प्रसून कुमार, सुजीत कुमार दुबे, आचार्या सुप्रिया कुमारी, नीति कुमारी, आरती श्रीवास्तव, रेणु पाठक, तन्वी जोशी, रेणु कुमारी, खुशबू सिंघल, रंजना श्रीवास्तव, अंशु कुमारी कर्मचारी सुधीर कुमार बबलू, ललिता देवी, रेखा देवी सुरेश सिंह सहित कक्षा नवम व दशम के सभी भैया बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने किया। वंदेमातरम के साथ समारोह सम्पन्न हुई।

**इन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित**

प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर झारखंड माध्यमिक बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण टॉप 10 विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले में आयुष कुमार 95%, विकास खलखो 93.8%, प्रियांशी प्रिया और उत्तम कुमार 93.4%, ज्योति कुमारी गुप्ता 93.2%, प्रिंस कुमार 92.8%, रौशन कुमार मेहता 92.2%, रिफत खातून 92%, अंजली कुमारी 91.8%, आदित्य कुमार 91.6%, राजन कुमार 91.4%, वहीं कक्षा पंचम के भैया मनीष कुमार को आइडियल स्टूडेंट अवार्ड दिया गया।

## सीओ की टीम पर हुए हमले की जांच करने पहुंची जिला प्रशासन की टीम

**एसडीओ और एसडीपीओ ने मंझिआंव के विभिन्न बालू घाट एवं बरडीहा के सलगा में छापेमारी अभियान चलाया**

**अमित कुमार**



**मझिआंव।** अवैध बालू उठाव को लेकर मंझिआंव सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा दिनांक 17 जून 2023 शनिवार की सुबह करीब 4 बजे बूढ़ीखांड़ में छापेमारी अभियान चलाने के दौरान खनन माफियाओं द्वारा उनकी टीम पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। जिसके आलोक में आज 18 जून 2023 रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा एवं स्थानीय मंझिआंव थाना प्रशासन की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से मंझिआंव के विभिन्न बालू घाट, घटना स्थल गांव बूढ़ीखांड़ एवं बरडीहा के सलगा में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें आरोपित सभी अभियुक्त अपने घरों से फरार पाए गये।

एसडीओ गढ़वा एवं एसडीपीओ के द्वारा छापेमारी किये जाने के दौरान सीओ प्रकरण एवं उनके निजी चालकों पर आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा हमला किए जाने पर पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा मुझे सूचना प्राप्त हुई थी कि बालू छापेमारी के दौरान बूढ़ीखांड़ ग्रामीणों के द्वारा अभद्र व्यवहार एवं दो निजी चालकों के साथ मारपीट की गई है। जिसके आलोक में हम सभी जिला एवं स्थानीय प्रशासन की टीम छापेमारी करने आए हैं। वहीं पत्रकारों ने सवाल पूछा कि सीओ साहब कहते हैं कि मैं बगैर पुलिस को सूचना दिए छापेमारी करने जाऊंगा। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि यह जांच का विषय है। अनुमंडल प्राधिकारी से यह भी पूछा गया कि अंचलाधिकारी के साथ यह तीसरी घटना है। बगैर पुलिस को सूचना दिए छापेमारी करने जाते हैं कारण क्या है तो वहीं उन्होंने कहा कि ठीक है छानबीन की जाएगी जो भी सच्चाई है बाहर निकलकर आएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी आरोपी बचेगा नहीं, कुछ लोगों पर 107 भी की जाएगी जो भी लोग बालू धंधा से जुड़े हुए हैं। मौके पर मझिआंव थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार जिला से पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय थाना से सशस्त्र बल उपस्थित थे।

छापेमारी अभियान के पश्चात वापसी के दौरान मंझिआंव प्रखंड के बकोइया में संतोष कुमार सिंह द्वारा अवैध रूप से संचालित किये जा रहे दो ईंट भट्ठा को एसडीओ के नेतृत्व में ध्वस्त किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 जून, 2023
www.azadsipahi.in



## कोयल नदी में डूबने से किशोर की मौत

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पथ स्थित नवाटोली आंगनबाड़ी केंद्र के समीप दक्षिण कोयल नदी दह में रविवार को स्नान करने के दौरान किशोर की डूबने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि अपने भाई और दोस्तो के साथ किशोर नहाने गया हुआ था। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से किशोर डूबने लगा तभी उसका भाई बचाने का प्रयास कर रहा था कि डूबता हुआ किशोर भाई को भी डूबा रहा था। तभी सोर गुल होने लगा तो आसपास के लोग दौड़ पड़े लेकिन किशोर डूब चुका था। वहीं घटना की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण एवं गोताखोर पहुंच किशोर का शव निकालने में जुटे हुए थे। इसी दरमियान एक अधेड़ गोताखोर ने बताया कि शव जलकुंभी में फंसा हुआ है। तभी अन्य गोताखोर सहयोग प्रदान करते हुए शव को गहरे पानी से निकाला। किशोर की पहचान जोगना मोड़ निवासी संजय साहू के पुत्र संतोष कुमार साहू के रूप में किया गया।

### भंडरा थाना पुलिस के सराहनीय कार्य से क्षेत्र के लोगों में हर्ष

# भंडरा में नौ रंगदार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र में रंगदारी की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को भंडरा थाना पुलिस के द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया और जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिली कि नौडीहा सेमरा रोड में मुरली तलाब के पास कुछ लड़का लोग पिस्टल और चाकू लेकर रंगदारी कर रहा है और कुछ लड़का अल्टो गाड़ी नम्बर जेएच 01डीएल 2368 में बैठे हैं। इस बीच प्राप्त सूचना का सत्यापन करने हेतु प्रस्थान किया गया तत्पश्चात मुरली तलाब के पास पहुंचा कि सभी अपराधी गाड़ी से निकलकर भागने लगा। थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव ने बताया कि अल्टो गाड़ी वाहन



संख्या जेएच 01डीएल 2368 का पीछा करते हुए भंडरा चौक के पास गाड़ी को पकड़ा गया। इधर वाहन का जांच किया तो कुल 09 शामिल थे। इस दौरान सभी 9 अपराधियों को गिरफ्तार कर भंडरा थाना पुलिस के द्वारा सलाखों के पीछे भेजा गया। जिसमें शमी अंसारी उम्र 19 वर्ष पिता सहमत अंसारी, अल्ताब अंसारी उम्र 20 वर्ष पिता असलम अंसारी, मो0 मौफिल अंसारी, उम्र 21वर्ष पिता केतामुद्दीन उर्फ छोटू अंसारी, शाकिब अंसारी, उम्र 18 वर्ष पिता मकसूद अंसारी, हयान अंसारी उम्र 20वर्ष पिता असलम अंसारी, रेहान अंसारी उम्र 19 वर्ष पिता इसराफिल अंसारी सभी साकिन सिसई बस्ती थाना सिसई जिला गुमला, अरमान अंसारी उम्र 18 वर्ष पिता मोबत अंसारी साकिन सुरसा थाना पूसो जिला गुमला, मो0 अयान आलम उम्र 22 वर्ष पिता मोहम्मद खुर्शीद मियां ग्राम टांगर बसली थाना मांडर जिला रांची और मोहित कुमार ठाकुर उम्र 20 वर्ष पिता विजय ठाकुर साकिन थाना भंडरा जिला लोहरदगा है। थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव ने बताया कि गाड़ी का जांच के क्रम में पिस्टल जैसा दिखने वाला हथियार एक बड़ा साइज का चाकू दो मोटा बांस का डंडा और एक हॉकी स्टिक बरामद किया तथा भंडरा थाना कांड संख्या 33/2023 दिनाक 16/06/2023 धारा 147 /148 /149 /341/ 323/ 342/ 307/ 504/506/ 385 आई पी सी एवम 25(1 बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा में भेजा गया। मौके पर सब इंस्पेक्टर विकास कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## एक दिवसीय कराटे ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिला कराटे एसोसिएशन और एस.एस. स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ललित नारायण स्टेडियम में एक दिवसीय ट्रेनींग कैम्प सह ग्रेडींग का आयोजन किया गया। जिसमें रेंसी श्रवण साहु ब्लैक बेल्ट 6वीं डॉन ने लोहरदगा जिला कराटे एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सेंसाई क्यूम खान की उपस्थिति में ग्रेडींग संपन्न हुआ। ग्रेडींग के पहले सेंसाई क्यूम खान ने कराटेकारों को किहोन और काता का विशेष प्रशिक्षण दिया। बताते चलें कि ग्रेडींग में सफल कराटेकार वाईट से यलो बेल्ट मान्या राज और श्री समृधि यलो से ऑरेंज बेल्ट मृगांक वैभव, शिवांश यादव, अभय उरांव ऑरेंज से ग्रीन बेल्ट संतुष्टी महली, प्रियांशु सिंह, तन्मय यादव, ग्रीनबेल्ट से ब्लू बेल्ट सानिया परवीन, यश उरांव, आदर्श उरांव और स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हरिया से आनंद उरांव को सफल घोषित किया गया।

## फ्री मेडिकल कैंप में 101 मरीजों ने कराया इलाज



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा के उपनगरीय क्षेत्र पतराटोली स्थित मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 101 मरीजों ने निःशुल्क इलाज का लाभ लिया। शिविर में हड्डी जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डा विवेक मधुर, जेनरल सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डा नेहा ज्योति और डा एसके गुप्ता ने इलाज किया। इसके अलावा ब्लड शुगर और हड्डी की जांच एल्केम लेब्रॉटरी कंपनी रांची के सुशील पांडेय एंड टीम के द्वारा बीएमडी मशीन से जांच की गयी। मरीजों को जरूरत के मुताबिक मुफ्त दवाएं दी गयीं। डा विवेक मधुर ने हड्डी, जोड़ और नस रोगों से संबंधित मरीजों का इलाज किया। डा नेहा ज्योति मधुर ने बवासीर, फिशर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पित और किडनी की पथरी, स्तन की गांठ और घाव, पेट की बीमारी और गर्भवती महिलाओं का इलाज किया। डा एसके गुप्ता ने भी सामान्य बीमारियों का इलाज किया। हास्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने बताया कि मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में अब प्रत्येक माह के पहले और तीसरे सप्ताह को निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। मानवीय सेवा कार्य को आगे भी जारी रखा जायेगा। मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। शिविर को सफल बनाने में शैलेंद्र सुमन, सावित्री मधुर, सोनी कुमारी, उषा तिर्की, तारेन टोप्पो, निर्मला टोप्पो, लीला कुमारी, अजीत साहू, अचरज, सूरज यादव, गुलाब नायक, राहुल राज अंगद सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विद्यार्थी कर रहे प्राणायाम और आसन का अभ्यास



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारी चल रही है। यहां के विद्यार्थी योग दिवस पर प्रदर्शन को लेकर निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उन्हें आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। इनसे होने वाले शारीरिक लाभ भी बतायें जा रहे हैं। महाविद्यालय की शारीरिक और खेलकूद प्रमुख यशोदा कुमारी ने बताया कि भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय द्वारा जारी कॉमन योगा प्रोटोकोल और विद्या भारती बिहार क्षेत्र द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप 21 जून को योग दिवस की तैयारी में विद्यार्थियों के अलावे शिक्षक शिक्षिकायें और कर्मी भी पूरे उत्साह से भाग ले रहे हैं। पूरे विश्व में जन जन को स्वास्थ्य लाभ हो इसलिए योग को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि शारीरिक और योग शिक्षा विद्या भारती के पांच प्रमुख आधारभूत विषयों में महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय में सामान्य दिनों में भी प्रतिदिन योग और शारीरिक को स्थान दिया गया है क्योंकि इनके बिना विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता।

## कसपुर पहाड़ टोली में ट्रांसफार्मर से क्वाइल की चोरी

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कशपूर पहाड़ टोली आकाशी रोड स्थित ट्रांसफार्मर से क्वाइल की चोरी चोरों द्वारा कर ली गयी। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात के एक बजे तक गर्मी के कारण ग्रामीण घर से बाहर बैठे हुए थे। तब तक चोरी की घटना नहीं हुई थी। रात एक बजे के बाद ग्रामीण सोने के लिए घर के अंदर चले गये। इसके बाद चोरी की घटना हुई है। मामले में ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के अंदर लगे क्वाइल को निकालकर चोर ले गये। इसकी सूचना भंडरा थाना में दे दी गयी है। एक अन्य घटना में भंडारा नवडीहा चौक के पास जलील मिस्त्री का टुल्लू पंप की चोरी चोरों द्वारा कर ली गयी। जलील मिस्त्री टुल्लू पंप के सहारे मोटरसाइकिल धुलाई का काम किया करता था।

## राहगीरों से बेहाल प्यासे पशु-पक्षियों के लिए जल-अन्न की व्यवस्था करने की अपील



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बढ़ती बेतहाशा गर्मी में बेजुबान पशु, पक्षियों के प्यास बुझाने हेतु साइंस फॉर सोसायटी लोहरदगा और बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप के प्रयास से बीएस कॉलेज के निकट गुजर रहे टू व्हीलर, फोर व्हीलर, ऑटो पिकअप बस पैसेंजर, साइकिल सवार तथा पैदल राहगीरों को मिट्टी का शिकोरा तथा चावल के पाउच देकर उनसे अपील की गयी कि वह अपने-अपने मोहल्ले में भी जाकर बेहाल प्यासे पशु/ पक्षियों हेतु जल-अन्न की व्यवस्था करें। मौके पर सोसायटी और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि हमारे थोड़े से प्रयास से पशु/ पक्षियों की जान बचायी जा सकती है तथा जीव जंतुओं की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है तथा यही मानवता है। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पशु ,पक्षी भी कार्य करते हैं तथा इनका संरक्षण आवश्यक है! वही रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव और प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा कि गर्मियों में घरों के आसपास गैरेया, मैना और अन्य पक्षियों की चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए प्रत्येक दिन थोड़ा जल और अनाज रखें तथा इस कार्य में छोटे बच्चों को भी शामिल कर उन्हें प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में डॉ गणेश प्रसाद, संजय बर्म्मन, अरुण राम, सोसायटी के सचिव राहुल कुमार, अधिवक्ता अनिल पांडेय, संदीप बर्मा आदि अन्य ने हिस्सा लिया। साथ ही गुजर रहे राहगीरों ने इस कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा कहा कि वह भी प्रचार प्रसार करेंगे।

# नीलांबर-पीतांबर के सपनों का झारखंड बनेगा : विधायक

### बालूमाथ मे नीलांबर-पीतांबर स्मारक का किया गया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** लातेहार विधान सभा क्षेत्र के विधायक बैधनाथ राम ने कहा कि हमारा झारखंड शहीद नीलांबर-पीतांबर के सपनों का झारखंड बनेगा। लंबे संघर्ष के बाद जब आजादी मिली, तो लोगों के कई सपने देखे थे। पर आजादी के बाद भी गांवों तक बुनियादी सुविधायें नहीं पहुंची हैं। तरक्की हुई, पर उतनी नहीं, जितनी होनी चाहिए। श्री राम रविवार को भोक्ता समाज विकास संघ लातेहार जिला समिति की ओर से बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित दिवाकर नगर मोरशेरवा परिसर में आयोजित नीलांबर-पीतांबर स्मारक शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



श्री राम ने कहा कि गांवों में सिंचाई, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाएं मिलनी चाहिए, पर विकास सिर्फ शासन से संभव नहीं, इसमें गांव के लोगों की भी सहभागिता जरूरी है। इस मौके पर शहीद नीलांबर-पीतांबर स्मारक स्थल पर स्थानिय पासन पुजेरी रती गंझू ने विधायक बैधनाथ राम के हाथो विधिवत पुजा अर्चना के साथ 11 नारियल फोड़वाया। विधायक बैधनाथ राम ने भोगता समाज विकास संघ लातेहार जिला समिति के फुलचंद गंझू, राजेन्द्र गंझू, कामेश्वर भोगता, प्रदीप गंझू द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यो की प्रशंसा करते हुये कहा कि नयी पीढ़ी को इससे सीख लेने की जरूरत है.। बता दें कि शीघ्र ही विधायक के सौजन्य से शहीद नीलांबर-पीतांबर स्मारक स्थल पर नीलांबर-पीतांबर का आदमकद प्रतिमा लगाये जाने के साथ लाखो रुपये की लागत से चारदिवारी और गेट का भी निर्माण किया जायेगा। मौके पर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, फूलचंद गंझू, कामेश्वर गंझू, प्रदीप गंझू, राजेन्द्र गंझू, ऐश्वर्या, राजद के सुरेश राम प्रीलाल यादव ,दीपक यादव, नारायण पुख्ता, लालदेव गंझू, मोहम्मद इमरान, विष्णुदेव भोक्ता, रामधारी गंझू, जयराम गंझू, रती गंझू, त्रीवेणी साव, धनराज पाहन, राजु गंझू, शंभु गंझू, परमेश्वर गंझू, देवंती देवी, सुनिल गंझू, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिन्हा, अमन सिन्हा सहित दर्जनो लोग उपस्थित थे।

# कई घाटों पर हुई छापामारी, ट्रैक्टर और हाइवा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए रविवार को जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद और सदर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर और हाइवा समेत ड्राइवर को मौके से गिरफ्तार किया है। विभिन्न नदी घाट में बालू की अवैध उत्खनन और परिवहन बालू माफियाओं द्वारा करने की लगातार शिकायत मिल रही थी। सूचना के आधार पर छापामारी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद की अगुवाई में सदर थाना क्षेत्र के हरमू, भक्सो, भकसो मन्दिर घाट, केमो घाट शंख नदी घाट, हिरही, बाघा गांव स्थित नदी घाट पर औचक छापामारी किया गया। छापामारी दल आने की भनक लगते ही बालू



**खनिज का अवैध दोहन बर्दाश्त नहीं: राजाराम प्रसाद**

**जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने कहा कि स्थानीय स्तर पर बॉक्साइट, बालू, गिट्टी समेत अन्य खनिजों के दोहन और परिवहन में कथित व्यापारियों द्वारा नियम कायदों का अनुपालन नहीं किये जाने की लगातार शिकायत मिल रही है। बॉक्साइट और बालू माफिया आपने कार्यशैली सुधार नहीं करेंगे तो, सीधी कार्रवाई अब होगी।**

माफिया फरार हो गये। बताया गया कि, शहरी क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के निकट बिना चालान के अवैध गिट्टी लदा हाइवा ट्रक और बालू लदा ट्रैक्टर छापामारी दल के हत्थे चढ़ गया। खनन नियम के तहत वाहन समेत खनिज को जब्त कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दिया गया। बताया गया कि, छापामारी दल जब हरमू और शंख नदी घाट पहुंचा तो, दो ट्रैक्टर बालू का अवैध उत्खनन कर लोड कर रहे थे। छापामारी दल के पहुंचने से पहले दोनों ट्रैक्टर फरार हो गये। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि, स्थानीय किसी भी नदी घाट में किसी व्यक्ति और संस्था को बालू उत्खनन के लिए लीज पट्टा स्वीकृत नहीं है। ऐसी स्थिति में अवैध उत्खनन कर राजस्व को क्षति पहुंचाने और सरकारी संपत्ति की चोरी करने का प्रयास कथित बालू माफिया कर रहे थे। खनन विभाग द्वारा की गयी औचक छापामारी से बालू माफियाओं में सनसनी फैल गयी है।

उल्लेखनीय है कि, लगातार प्रयास के बावजूद स्थानीय स्तर पर बालू की अवैध कारोबार फल फूल रहा है। कथित कारणों से बालू के अवैध कारोबार पर पुलिसिया कार्रवाई नहीं होती है। यह अलग पहलू है कि, हाय तौबा मचाने के बाद विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक दो ट्रैक्टर जब्त कर खानापूर्ति कर दी जाती है।

# आराहासा की महिलाओं ने मनाया जनी शिकार का पर्व

### पुरुषों की वेशभूषा पहनकर पारंपरिक हथियार रख जनी शिकार पर निकली महिलाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार प्रत्येक बारह वर्ष के पश्चात जनी शिकार आयोजित होता है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के आराहासा गाँव मे ग्राम प्रधान चुयु मुंडा और वार्ड सदस्य चम्पा देवी के नेतृव जनी शिकार मनाया गया। जनी शिकार आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्रो में अधिकांश मनाया जाता है। वही आराहंसा गाँव के महिलाएं और बालिका सामिल थी। सभी महिलाएं आराहंसा में एकत्रित होकर जनी शिकार कार्यक्रम प्रारम्भ कर किस्को प्रखंड क्षेत्र के बोंगा, हिसरी, पतरातू होते हुए चोरगाई पँहुच महिलाओं का समूह जुटाते हुए गाँव मे खस्सी का शिकार कर एक जगह मिट बनाकर सभी लोगों ने खाया इस साथ हज गाँव के टोला मोहल्ला में महिलाओं का आदिवासी रीति रिवाज से स्वागत किया गया।



जनी शिकार कार्यक्रम सिर्फ महिलाएं और युवतियां शामिल हुई थी। जनी शिकार का कार्यक्रम प्रत्येक 12 वर्षों में मनाया जाने वाला पर्व है। वही तय जाता है। कि जनी शिकार पर्व में पुरुष वेश धारण कर हाथों में पारपरिक हथियार ले कर सिर्फ महिलाएं और युवतियां शामिल हो गाँव, टोला और मोहल्ले में भ्रमण किया सभी के हाथों में परंपरागत हथियार के रूप में गुलेल, कुल्हाड़ी, लाठी डंडे, तीर धनुष था। जिसे लोगो द्वारा खस्सी का शिकार किया गया। आदिवासी क्षेत्रों ग्रामीणों का मान्यता है। कि जनी शिकार के बाद गांव से बुरी आत्मा, रोग, बीमारी दूर हो जाता है। जनी शिकार के दौरान महिलाएं जींस-शर्ट पहनकर जंगल, सड़क में घूमती हैं। और बकरा-बकरी, मुर्गे-मुर्गियाँ या अन्य कोई जानवरों का शिकार करके लौट कर शाम को इन्हें पकाती है। गाँव का पाहन चुयु मुंडा और वार्ड सदस्य चम्पा देवी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मुगल शासन काल के दौरान जब मुगल सेना रोहतासगढ़ की और कूच कर रही थी। इसी दौरान उनकी नजर इन उरांव जनजाति पर पड़ी इन पर कब्जा जमाने के उद्देश्य से आदिवासियों पर हमला कर दिया था। उस समय गांव के पुरुष सरहुल पर्व मन रहे थे। ऐसे में आदिवासी स्त्रियों ने रोहतासगढ़ किला को बचाने के लिए मोर्चा संभालते हुए मुगल सेना से लोहा लिया था। और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। आदिवासी महिलाओं ने 12 वर्षों तक लगातार ऐसा किया था। जिसके बाद में मुगल सैनिकों को हार माननी पड़ी थी। इसी की याद में प्रत्येक 12 वर्षों में जनी शिकार मनाया जाता है। पहले जनी शिकार कार्यक्रम जंगलों में मनाया जाता था। लेकिन जंगलों में शिकार खेलने के लिये रोक लगाने के उपरान्त अब जनी शिकार में शामिल महिलाएं गाँव की गलियों में विचरने वाले पालतू घरेलु जानवरों का शिकार कर लेती हैं। जनी शिकार कार्यक्रम मनाती हैं। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण महिलायें और लड़कियाँ शामिल थीं।

## मंडलकारा में जेल अदालत का हुआ आयोजन



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झालसा रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में मंडल कारा, लोहरदगा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने कारा में बंद महिला और पुरुष बंदियों के बीच जाकर उनके समस्याओं को जाना तथा वैसे बंदी जिनका वकील नहीं है उनकी जानकारी लेते हुए उन्हें एलएडीसीएस पैनल से वकील दिलवाया गया। आज के जेल अदालत में प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के न्यायालय से संबंधित एक आपराधिक वाद जो वन अधिनियम से संबंधित था, में अभियुक्त बिफना नागेशिया को 500 रुपये जुमार्ने की अदा करने के पश्चात जेल से रिहा किया गया। जेल अदालत में आज डालसा सचिव राजेश कुमार के अतिरिक्त न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुचिता निधि तिग्गा एलएडीसीएस के उप प्रमुख नारायण साहू, उमेश कुमार, एलएडीसीएस के सहायक इंद्राणी कुजूर, सुदामा कुमार और भूपेंद्र कुमार के साथ-साथ जेलर सुबोध कुमार भी उपस्थित रहे।

## दीदी मां नीलम आनंद की पुण्यतिथि मनायी गयी



बालूमाथ(आजाद सिपाही)। देवाधिदेव महादेव की असीम कृपा से को ईस काल खंड की प्रथम शिव शिष्या दीदी मां निलम आनंद की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर मासियातु पंचायत स्थित गुरतुर पारटांड़ की पावन धरती पर शिव गुरु परिचर्चा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय गुरु भाई बहनों के साथ साथ कोमर, बालूमाथ, बड़का बालूमाथ, मासियातु, रजवार,झाबर, ईचाक, सेरनदाग, मकैयाटांड़, अमरवाडीह, सेरका, बेसरा, टोटी, राजगुरु, चपरी आदि अनेकानेक स्थानों के गुरु भाई बहन उपस्थित होकर दीदी मां निलम आनंद के पावन चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये चर्चा और भजन प्रस्तुत कर, लोगों से देवाधिदेव महादेव को अपना गुरु बना लेने का सविनय आग्रह किया। तथा साहब दीदी द्वारा बोए शिष्यता रुपी पौधे को पुष्पित पल्लवित रखने के लिए समर्पित भाव से गुरु कार्य करने का संकल्प लिया।

## आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में रोशनी उरांव और कनक दीप प्रथम



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की तरुण सभा में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान रोशनी उरांव और कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान कनक दीप ने प्राप्त किया। कक्षा 11वीं में द्वितीय स्थान आकांक्षा पांडे और तृतीय स्थान किरण कुमारी ने प्राप्त किया। इसके अलावा सारी फोल्डिंग, बकेटबॉल, बकेट ग्लास वॉटर चैलेंज, टीम कोआर्डिनेशन आदि में भी प्रतियोगितायें हुई। जिनमें सुहानी टोप्पो, राधेश्याम दास गोस्वामी, अपूर्वा कुमारी, सत्यम कुमार, निशा उरांव, उज्जवल जायसवाल, अनित उरांव, सुष्मिता तिग्गा, सुहानी कुमारी, दीपिका उरांव, आकांक्षा पांडे, रोशन उराव, चंदन महतो और अमन टोप्पो आदि ने सहभागिता निभायी। विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, तरुण और कन्या भारती प्रमुख ऋद्धि मिश्रा और रेणु कुमारी ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में नीतू कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, आरती भगत, चेतना प्रिया, कविता कुमारी, नेहा शर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## दो यूनिट रक्तदान कर मरीज के इलाज में मदद की



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जय श्री राम समिति के कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ कर लोगों के लिए प्रेरणा बन मिसाल पेश की। कुडू प्रखंड के जिमा निवासी कामेश्वर महतो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत था। डॉक्टर ने 5 यूनिट खून की कमी बतायी। परिवार के लोग 3 यूनिट ब्लड व्यवस्था करने के बाद काफी परेशान जय श्रीराम समिति जिमा अध्यक्ष अक्षय कुमार से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए मदद की। समिति सदस्य राजू राम और कुलदीप साहू ने एक- एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। समिति के प्रयास से अपितु लोहरदगा जिला ही नहीं दूसरे जिले और अन्य राज्य के गरीब पीड़ित मरीज इस सेवा को ग्रहण कर चुके हैं। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू, जिमा अध्यक्ष अक्षय कुमार और पिंटू साहू मौजूद थे।

## कैरो प्रखंड के एडादोनबगीचा में आजसू पार्टी की बैठक सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिला के कैरो प्रखंड के एडादोन बगीचा में कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत की अध्यक्षता में आजसू प्रखंड कमेटी के बैठक सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के पास अपारशक्ति है, अपनी शक्ति को पहचान कर अभी से 2024 के चुनाव की तैयारी में लग जाएं और नीरू शांति भगत को एक महिला प्रत्याशी के रूप में लोहरदगा विधानसभा की विधायक बनाने का कार्य करें। मंच का संचालन कैरो प्रखंड के संगठन सचिव परमानंद साहू ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश उरांव, विजय कुमार, कंचन राम, सुखदेव भगत, बसंती उरांव सहित भारी संख्या में आजसू कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## कांग्रेस कार्यालय में संगठन सशक्तिकरण को लेकर बैठक



कैरो(आजाद सिपाही)। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान की अध्यक्षता में कैरो प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में संगठन सशक्तिकरण को लेकर बैठक की गई है जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सम्मानित श्री बंधु तिर्की जी साथ में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जगदीप भगत, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत जी उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है संगठन को जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ तक मजबूत कर लो जीत तुम्हारा निश्चित है। नेसार अहमद ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही को निष्ठा पूर्वक पूरा करें। जयदीप भगत ने कहा कि आपसी समन्वय बनाकर टीम भावना से कार्य करें परिणाम बेहतर होगा। रीना भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं सरकार बेहतर काम कर रही है जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाने का काम करें। आज की बैठक में प्रखंड महासचिव मोजाहिर अंसारी मंसूर आलम यूनुस अंसारी अनवर अंसारी रशीद अंसारी जियाउल अंसारी पंचायत अध्यक्ष नारायण उरांव, मंजन उरांव, इमरान आदि भारी संख्या में उपस्थित थें।

## विश्व शांति के उद्देश्य को लेकर दुर्गा मंदिर में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गायत्री शक्तिपीठ गुमला की ओर से दुर्गा मंदिर, खोरा में विश्व शांति के उद्देश्यों को लेकर पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। पंचकुंडीय यज्ञ में हर-हर गंगे घर-घर गंगे के अंतर्गत देव स्थापना कर ब्रह्मदेव जी, परिवार्जक बलिराम के द्वारा यज्ञ-हवन एवं संस्कार विधि विधान के साथ कराया गया। दृष्टि कुमारी, राजनंदनी कुमारी एवं माही कुमारी का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। इस अवसर पर हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा का आह्वान करते हुए प्रत्येक परिवार में एवं प्रत्येक व्यक्ति को गायत्री मंत्र प्रतिदिन जपने के लिए प्रेरित किया गया। यज्ञ के पश्चात महाप्रसाद एवं भंडारा भक्तों के बीच वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों मे गायत्री शक्तिपीठ गुमला से ब्रह्मदेव जी, परिवार्जक बलिराम भगत, प्रमोद सिंह, बालों देवी, सरिता देवी, मनपूरन साहू, भावना स्वरूप, कलावती देवी, संदीप कुमार, विजय कुमार, माला देवी, कमला देवी, पार्वती देवी, प्रीति देवी, सविता देवी, सुलेखा देवी, रूपा देवी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बघीमा के समीप स्कूटी से गिर कर एक वर्षीय मासूम की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना अंतर्गत बघिमा के समीप स्कूटी से गिरकर एक वर्षीय मासूम शिवांश की मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पालकोट में सड़क दुर्घटना में रामचंद्र नाग नामक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जहां यह लोग आए थे। वापसी के क्रम में बघिमा के समीप स्कूटी से गिरकर एक वर्षीय मासूम की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि बच्चे के माता पिता बाइक से जा रहे थे वहीं बच्चा स्कूटी में अपने एक रिश्तेदार महिला के गोद में था। बताया जाता है कि स्कूटी में ब्रेक सही नहीं था जिसके कारण गड्ढा में स्कूटी का चक्का पड़ा और अनियंत्रित होकर महिला व बच्चा नीचे गिर गए, जिससे बच्चे की मौत हो गई।

## 22 जून को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके विधानसभा क्षेत्र के आजसू कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को उरुगुट्टू में कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकीम अंसारी मौजूद थे। मौके पर आगामी 22 जून को पार्टी का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में उरुगुट्टू बाजारटांड़ में मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत उपस्थित रहेंगे। साथ ही बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी रणनीति बनाई गई। बैठक में जिप सदस्य रामजीत गंझू, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिला उपाध्यक्ष एतवा उरांव, मोजिबुल रहमान, नागेश्वर महतो, पार्वती देवी, राजू नायक समेत अन्य मौजूद थे।

## एलपीजी गैस के लीक होने से घर में लगी आग, सारा सामान जलकर खाक



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना क्षेत्र के सुरसा ग्राम निवासी सुनील उरांव उर्फ उदय उरांव के घर में एलपीजी गैस के लिक होने से घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा कपड़ा, अनाज सहित लाखों रुपए का समान जल कर राख हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

**विवाद :** एसडीओ ने कहा- शांति व्यवस्था भंग होने पर पूरी जिम्मेदारी चुनाव प्रभारी की

# अनिश्चित काल के लिए टला अंजुमन का चुनाव

**कहा- अब अंजुमन के मान्यता प्राप्त पंचायतों के निर्णय के बाद ही चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ेगी**

सुधाकर कुमार



**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र के अंजुमन का चुनाव एक बार फिर नए पचड़े में फंस गया है। जिस चुनाव को लेकर मुस्लिम समुदाय में खासा उत्साह देखा जा रहा था उसमें एक बार फिर ग्रहण लग गया है। इस संबंध में अंजुमन चुनाव प्रभारी इरफान अली ने बताया कि अंजुमन इस्लामिया गुमला के आम चुनाव की प्रक्रिया के बीच सदर पद के प्रत्याशी मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू और सचिव पद के प्रत्याशी मकसूद आलम के द्वारा अंजुमन संविधान से हटकर कार्य कराने का दबाव बनाने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी गुमला के समक्ष दिनांक 16 जून को आवेदन समर्पित किया। जिसके उपरांत एसडीओ ने अंजुमन चुनाव कमेटी का पक्ष लिए बगैर शिकायत का अनुपालन करने का निर्देश चुनाव कमेटी को दिया, और चुनाव के दिन विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर चुनाव प्रभारी को ही जिम्मेदार बनाए जाने के एकतरफा आदेश दे दिया। इसके बाद चुनाव कमेटी ने अंजुमन इस्लामिया गुमला के सभी मान्यता प्राप्त नौ पंचायतों के अध्यक्ष व सचिव की आपातकाल बैठक बुलाई। जिसमें शिकायतकर्ता मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू और मकसूद आलम के संबंधित हमदर्द और इराकी पंचायत ने शिकायतकर्ता की इस हरकत से अनभिज्ञता जतायी। परंतु उस पर कोई कार्रवाई करने से भी पीछे हट गए। इस परिस्थिति में अंजुमन के मान्यता प्राप्त पंचायतों से सहमति लेने के बाद अंजुमन चुनाव की प्रक्रिया को अगले निर्णय तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। साथ ही शिकायतकर्ता जब तक चुनाव कमेटी के विरुद्ध दिए गए आवेदन को वापस नहीं ले लेते हैं और शांति व्यवस्था की गारंटी नहीं दे देते हैं तब तक चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाने का निर्णय लेते हुए अंजुमन के आगे की कार्यवाही के लिए अंजुमन चुनाव से संबंधित फाइल को अंजुमन के निवर्तमान नाजिम ए आला अब्दुल जब्बार रजवी को वापस भेज दिया गया है। अब अंजुमन के मान्यता प्राप्त पंचायतों के निर्णय के बाद अंजुमन चुनाव कमेटी चुनाव से संबधित प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी या नहीं, इस पर निर्णय लिया जाएगा।

## बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति की टीम मृतक मजदूर के घर पहुंची

**परिजनों से मिलकर घटना पर गहरा दुख जताया तथा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के अध्यक्ष प्रकाश उरांव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बॉक्साइट माइन्स में काम करने के दौरान ब्लास्टिंग में हुई मजदूर गुलशन मुंडा की मौत की खबर पाकर मृतक के कोरकोट गांव स्थित घर पहुंचकर परिजन से मिली और घटना पर गहरा दुख जताया तथा शोक संपत परिवार को ढांढस बांधते हुए न्याय दिलाने का भी भरोसा दिया।

परिजनों से मिलने गई तीन सदस्यीय टीम ने पाया कि बगैर सुरक्षा के बॉक्साइट माइंस मालिक द्वारा लंबे समय से माइनिंग एक्ट को ताक पर रखकर काम करवाया जा रहा है, नतीजतन मजदूर गुलशन मुंडा को अपनी जान गंवानी पड़ी। सरकार व प्रशासन की लापरवाही व कार्यशैली भी इस घटना के लिए कहीं ना कहीं जिम्मेवार है। माइंस का संचालन नियम अनुकूल हो रहा है कि नहीं इसका समय-समय पर निरीक्षण प्रशासन के द्वारा होता तो आज ऐसी घटना सामने नहीं आती। लेकिन ग्रामीणों की मानें तो पिछले कई वर्षों से माइंस का निरीक्षण किसी जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा किया ही नहीं गया है। माइंस लीजधारी द्वारा मृतक मजदूर गुलशन मुंडा की मौत की असलियत छुपाने का प्रबंध स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर कर ली थी, जो चोरी और सीनाजोरी को दर्शाता है। ऐसे कृत्य को छुपाने वालों का साथ देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित होना चाहिए। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 19 जून 2023 को पूरे मामले की जानकारी, दोषियों पर कार्रवाई और मृतक मजदूर के परिजनों को न्याय व मुआवजा दिलाने के अलावे माइंस का संचालन माइनिंग एक्ट व नियमानुसार हो इसके लिए मांग पत्र सौंपी जाएगा और शीघ्र कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 23 जून 2023 को उपायुक्त के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करते हुए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जवाबदेही सरकार की होगी।

मौके पर तीन सदस्यीय टीम में समिति के अध्यक्ष प्रकाश उरांव, झारखंड नवनिर्माण दल घटक मजदूर यूनियन के बिशुनपुर प्रखंड प्रभारी रामप्यार तूरी, मजदूर नेता रीमिस कुजूर के अलावे मृतक मजदूर के पिता सुखना मुंडा, मुनेश मुंडा, संजय मुंडा, सर्वेश मुंडा, फगन मुंडा, क्रिस्टीना मुंडाइन, विमला मुंडाइन, सुखमणि मुंडनइन, एलिजाबेथ चोराट, मेरीरोशनी बेक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## तैलिक महासभा के नये प्रदेश अध्यक्ष बने महेश महतो




**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड तैलिक साहू महासभा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कश्यप की अध्यक्षता में हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता, झारखंड प्रभारी मुकेश नंदन, झारखंड इकाई के सभी जिलाध्यक्ष, प्रदेश कमेटी के सदस्य सहित प्रदेश के डेलिगेट मौजूद रहे। चुनाव पर्यवेक्षक सह मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता ने एक वर्ष के लिए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में महेश महतो के नाम की घोषणा की। श्री गुप्ता ने पूरे झारखंड प्रदेश से आये हुए प्रतिनिधियों से लम्बी मंत्रणा की। चार घंटे चली मैराथन बैठक के बाद सर्वसम्मति से महेश महतो के नाम पर मुहर लगी। मौके पर तेली समाज की सियासत में राजनैतिक भागीदारी पर चिंता व्यक्त की गयी। वक्ताओं ने संगठन को दुरुस्त कर आबादी के हिसाब से राजनीतिक दलों में हिस्सेदारी पर जोर दिया। राष्ट्रीय महामंत्री ने जहां नये ऊजार्वान अध्यक्ष पर विश्वास व्यक्त किया वहीं प्रदेश प्रभारी मुकेश नंदन ने निष्क्रिय जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को बदलने की बात कही। कार्यक्रम को विजय साहू, बलिराम साहू, मदन प्रसाद साहू, मुकेश मुक्ता, दिलीप साहू, राजकिशोर साहू, मनीष साहू, परमानंद साहू, दयानन्द, मनोज लाल आदि ने संबोधित किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कुमार रौशन ने किया। कार्यक्रम में बलदेव महतो, पप्पू गुप्ता, सिट्टू गुप्ता, अशोक साहू, नंद किशोर साहू, रामसूरत साहू, शिव प्रसाद साहू सहित समाज के कई नेता गण मौजूद थे।

## गर्मी से राहत पाने के लिए कुआं के ऊपर बैठा किशोर गिरा, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी छेत्र के पालकोट रोड निवासी अखिलेश सिंह का 12 वर्षीय बेटा अशोक सिंह गर्मी से राहत पाने के लिए अपने घर के आंगन स्थित कुआं के ऊपर में बैठा हुआ था। तभी अचानक कुआं के मुंडेर की एक ईंट घसक गयी। जिसके बाद अशोक असंतुलित होकर कुआं में गिर पड़ा। इसके बाद आनन फानन में परिजन उसे बाल्टी के सहारे बाहर निकाले, तब तक किशोर की हात गंभीर हो चुकी थी। वह बेहोशी की हालत में था। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि किशोर टंगरा स्कूल का छात्र है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के तिरा डुमरटोली गांव निवासी 22 वर्षीय दीपक गोप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दीपक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका चेहरा व छाती में गंभीर चोट है। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। परिजन उसे रिम्स ले गए। घटना के बावत बताया जाता है कि दीपक तिरा से करौंदी जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर भाग निकला।

**कार्यक्रम :** भाजपा के नौ साल बेमिसाल महाजनसंपर्क अभियान के तहत नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन

# भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता देव तुल्य है : किसलय तिवारी

**भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में बाईक जूलूस निकाल कर जनजन तक नौ वर्षो में किए गए कार्यों की जानकारी दी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रायडीह।** भाजपा के नौ साल बेमिसाल महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन रविवार को रायडीह प्रखंड के छत्तरपुर बगीचा मे हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता देव तुल्य है। उन्होंने माननीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूरा होने और इस कार्य अवधि में सरकार द्वारा किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने नव मतदाताओं से कहा अपना मतदान सही सोच समझ और देश राष्ट्र के कल्याण में योगदान देने वाली पार्टी जिससे आमजन और देश व गांव का विकास हो वैसी पार्टी का चुनाव करें। इसके साथ ही युवा साथियों को संकल्प दिलाया और प्राधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्थन करने के लिए एक मोबाईल नम्बर 9090902024 पर कॉल कराकर नरेन्द्र मोदी से जोड़ने का कार्य किया गया। मौके पर लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, वर्षो से न्यायालय में लटके राम मंदिर मामला, जिसका निर्णय लेकर आज भव्य राम मंदिर का निर्माण होना संभव हुआ है, भारत वर्ष में रहकर भी जम्मू-कश्मीर हमसे अलग लगता था, जहां से धारा 370 हटाया गया, जम्मू-कश्मीर में समान्य वातावरण है।

मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मिशिर कुजूर ने कहा हम सभी कार्यकर्ताओं के बल से सशक्त होंगे। राज्य में हेमन्त सरकार के राज में भ्रष्टाचार चरम पर है। जो सरकार युवाओं के उम्मीद और अरमानों को कुचलने का काम किया है। आने वाले समय में इस सरकार को खदेड़ने का काम किया जाएगा। मौके पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी के नेतृत्व में बाईक जूलूस निकाल कर शंखमोड़ मांझाटोली का भ्रमण किया गया और नौ वर्षों में किए गए कार्य की बात जनजन तक पहुंचायी गयी।

मौके पर भाजयुमो गुमला जिला अध्यक्ष रविन्द्र सिंहा संदीप प्रसाद योगेन्द्र सिंह सुमित प्रसाद बालमोहन साहु प्रेम प्रसाद मनोहर राय सुबोद प्रसाद शंभु प्रसाद विनोद गप्ता देवेन्द्र लाल उरांव सतीश साहु रवि अग्रहरी रामप्रीत अग्रहरी राकेश झा अशरफ राय लालो अनूप साहू दीनेश साहु आदि सौकड़ो भाजपा कार्यकार्ता मौजुद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## हेडमास्टर ने मनरेगा के ठेकेदारों को बेच दिये स्कूल के जर्जर भवन के पत्थर




**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी प्रखंड अन्तर्गत मझगांव पंचायत के राज्यकृत उच्च विद्यालय मझगांव डुमरी प्रखंड के प्रधानाध्यापक सागर कुजूर ने कंडम घोषित विद्यालय के जर्जर भवन के जो पत्थर थे उसको नरेगा के कई ऐसे ठेकेदारों को बेच दिये। जिसे ठेकेदारों ने कम दाम में लेकर अपने कुएं अथवा कई ऐसे कार्य पर काम करना शुरू कर दिया, जो कि सरासर गलत है। इस संबंध में जब प्रधानाध्यापक से बात की गई तो उनका साफ कहना है कि मैं कई ऐसे ठेकेदारों को अपने स्कूल का पत्थर बेचा हूं। जिनको ठेकेदार अपने कुएं अथवा गिरजाघर जैसे कई कामों में उपयोग कर रहे हैं। कीमत की जानकारी लेने पर हेडमास्टर ने बताया कि 12500 पर 1000 गाड़ी का दाम लिया गया। बताते चलें कि लगभग 20 गाड़ी पत्थर बेच दिया गया। इस संबंध में मझगांव मुखिया ज्योति बहेर से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि मुझे इस बात की कोई भी जानकारी नहीं थी। इस तरह का मनमानी का काम हेडमास्टर के द्वारा करना बिलकुल भी उचित नहीं है। वे नरेगा के ठेकेदारों को कुआं बनाने के लिए सरकारी संपत्ति को बेच रहे हैं और इस प्रकार का काम हेडमास्टर की मनमानी कार्य को प्रदर्शित करता है। ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाए अथवा प्रशासन अपनी ओर से इस पर पहल कर इसकी जांच करे।

## तेलंगा खड़िया पुस्तकालय संचालन को लेकर आम बैठक आज

**सिसई (आजाद सिाही)।** प्रखंड स्तरीय तेलंगा खड़िया पुस्तकालय संचालन से संबंधित विचार विमर्श हेतू आम बैठक सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे से प्रखंड कार्यालय में होगी। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सुनीला खलखो ने बताया कि पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय भवन का कार्य अंतिम चरण में है। पुस्तकालय का संचालन आम सभा सदस्यों द्वारा चयनित संचालन समिति के माध्यम से किया जाना है। इसे लेकर प्रखंड के प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों, सेवानिवृत्त लोगों के साथ विचार-विमर्श हेतू प्रखंड सभागार में सोमवार को बैठक रखी गई है। उन्होंने प्रखंड वासियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## ज्यादा से ज्यादा संख्या में अहर्ता रखने वाले मतदाताओं का नाम जोड़वायें



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम ने सभी राष्ट्रीय व राज्य स्तर के राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्ष, सचिव व सभी बीएलओ सुपरवाइजर तथा सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी गढ़वा 80 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गढ़वा चिनिया एवं रंका के बीच मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 एवं बीएलओ ऐप से संबंधित विस्तृत रूप से निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 80 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुमंडल पदाधिकारी के साथ बैठक कर जानकारी देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान ज्यादा से ज्यादा संख्या में अहर्ता रखने वाले मतदाताओं का नाम जुड़वाएं। साथ ही साथ सभी संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है, उनको बीएलओ ऐप के माध्यम से जुड़वाने का कार्य करें तथा जिनका मतदाता पहचान पत्र में त्रुटि है, उनको फार्म 8 के माध्यम से सुधार करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही बैठक में बताया कि 1 जून 2023 से 16 अक्टूबर 2023 तक एसएसआर 2024 का प्राइ रिवीजन एक्टिव प्रारंभ है, साथ ही 17 अक्टूबर 2023 से रिवीजन एक्टिव प्रारंभ होगा, जिसमें मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05.01. 2024 को किया जाएगा। बैठक के दौरान गढ़वा विधानसभा 80 सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी मयंक भूषण, सीनियर सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, रंका निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी देवानंद राम को भी अवगत कराते हुए बताया गया कि अपने एईआरओ अस्तर पर भी सभी राजनीतिक दल, बीएलओ सुपरवाइजर एवं निर्धारित 3030 की संख्या में बीएलओ को बुलाकर विस्तृत जानकारी दें।

## मेराल हाई स्कूल में असामाजिक तत्वों की हरकत से आक्रोशित है विद्यालय परिवार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल के प्रांगण में असामाजिक तत्वों द्वारा की गई हरकत से विद्यालय परिवार काफी आक्रोशित है। शनिवार को स्कूल खुलने पर पहुंचे शिक्षकों द्वारा देखा गया कि विद्यालय की दीवारों पर शिक्षकों के लिए अश्लील शब्द लिखने के साथ संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गयी है। जैसे ही प्रधानाध्यापक लालता पटेल तथा शिक्षकों की नजर इस पर पड़ी तो इसकी सूचना आसपास के लोगों के साथ-साथ मेराल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ हाई स्कूल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। बता दें कि असामाजिक तत्वों द्वारा विद्यालय की दीवार पर कई जगह प्रधानाध्यापक के नाम गाली गलौज लिखा गया था, इतना ही नहीं बाबा साहब की प्रतिमा के चेहरे पर उजला पेंट लगा दिया गया था, जिसे तुरंत साफ कराया गया। प्रधानाध्यापक लालता पटेल द्वारा इसकी लिखित शिकायत की गई। सूचना पर व्यावसायिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन प्रसाद जायसवाल, बसपा नेता रामकेश राम आदि ने थाना प्रभारी से असामाजिक तत्वों की इस हरकत पर कड़ी कार्रवाई करने तथा भविष्य में इसकी पुनरावृति ना हो इसके लिए निगाह रखने की मांग की। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने मामले की तहकीकात करने के बाद लोगों को आश्वस्त किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी तथा दोषियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### केंद्र सरकार के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा की टिफिन बैठक संपन्न

# कार्यकर्ताओं के दम पर केंद्र में फिर बनेगी मोदी सरकार: डॉ शशिभूषण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को नीलाम्बर पिताम्बरपुर के मौर्या फार्म हाउस में टिफीन बैठक हुई। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 102वां मन की बात कार्यक्रम को सुना। वहीं, टिफीन कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकर्ताओं के साथ दोपहर में भोजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की पिछले नौ साल की उपलब्धियों पर चर्चा की और उनको जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व सौंपा।



भाजपा की बैठक में उपस्थित पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

विधायक ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों और अपने द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही दो बार केंद्र में मोदी सरकार बनी है। वो कार्यकर्ता ही थे, जिन्होंने लोगों के बीच जाकर वोट के बदले एक अच्छी सरकार देने का वादा किया। मोदी सरकार ने उन वादों को पूरा किया है। अब उन उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। यह कार्यक्रम 20 से 30 जून तक हर घर में जन जन तक पहुंचाना है और मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियां के बारे में सभी को बताना है। इस बैठक में भाजपा के नीलांबर पीतांबरपुर के स्थाई प्रभारी अजय तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमित तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता, साधु माझी, जगत नारायण सिंह, सुंदर सिंह, अजित गुप्ता, लाला प्रसाद यादव, अरूण सिंह, विनय साव, विजय ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। उधर, सतबरवा प्रखंड के घुटवा पंचायत के गुलाब भुईयां, विरेंद्र सिंह, उमेश भुईयां, जमुना सिंह, संतोष सिंह, छोटेलाल सिंह, जगनारायण सिंह, बालेश्वर सिंह ने कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान विधायक डॉ मेहता ने सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## विश्व योग दिवस को लेकर मारवाड़ी युवा मंच ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की धनबाद शाखा की ओर से विश्व योग दिवस को लेकर गोल्फ ग्राउंड में रविवार की सुबह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आर्ट ऑफ स्टूडेंट के संस्थापक योग गुरु नीरू सचदेवा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने योग के माध्यम से सभी को स्वस्थ एवं फिट रहने का संदेश दिया। शिविर में उपस्थित झारखंड प्रांत के प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी, झारखंड प्रांत के निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक लिल्हा को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे योग गुरु नीरू सचदेवा को भी अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ और योग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मौके पर कार्यक्रम की संयोजक रमा भीमसरिया, विनीता अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, शिव शंकर चौधरी, सुनीता अग्रवाल, राजू अग्रवाल, चांदनी मित्तल सहित कई लोग सक्रिय रहे।




## झारखंड में कोयला ही नहीं, हीरे जैसी डीएवी संस्थाएं भी हैं : डॉ जेपी शूर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली के डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति के प्रधान आर्य रत्न, पद्मश्री पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जेपी शूर निदेशक पीएस-1 के आशीष की ओर से संचालित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज में आयोजित यज्ञशाला के शिलान्यास में भाग लिया। अतिथियों की अगवानी स्कूल बैंड, स्काउट गाइड्स, एनसीसी कैडेट्स एवं नागपुरी नृत्य से छात्रों ने की। इसके बाद यज्ञशाला का शिलान्यास हुआ। अपने उद्भोधन में डॉ जेपी शूर ने कहा कि विद्यालय के छात्रों की प्रस्तुति देख हैरत में हूं। इस प्रचंड गर्मी में बच्चे, शिक्षक जिस परिश्रम से कार्यक्रम तैयार किए, मैं सभी को धन्यवाद देता हूं। इस विद्यालय के भूमि प्रदाता सरदार सतवीर सिंह को भी धन्यवाद देता हूं जिनकी उदारता से ही हम इस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए ऐसे भवन खड़ा करने में समर्थ हुए। उन्होंने अपने बारे में बताते हुए कहा कि इस संस्थान से 1966 से जुड़ा हूं। आज इस विद्यालय में आकर बेहद खुश हूं। डीएवी ऊंच-नीच, छुआछूत में विश्वास नहीं करता। हम आर्य समाजी हैं। हमारी संस्थाएं आर्य समाज का गुण अपनाते हुए छात्रों में श्रेष्ठ भावना भरने एवं अभिभावकों में श्रेष्ठता का भाव भरने का काम करती है। कहा कि मैं इस क्षेत्र के गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरा मानना है कि जिसके संस्कार अच्छे हैं वही सही मायने में अमीर है। अभिभावकों से आग्रह है कि वह अपने बच्चों को शिक्षित करें। डीएवी विद्यालय उनकी मदद करेंगे। मैंने इस क्षेत्र में डॉ जीएन खान को इसी के लिए भेजा है। इस विद्यालय को पूर्व प्राचार्य वीके पांडे ने बहुत आगे बढ़ाया। अब जिम्मेदारी डॉ जीएन खान की है। कहा कि पहले लोग झारखंड के नाम से डराते थे। मैंने इसे चुनौती के रूप में लिया। मुझे संतोष है कि झारखंड सबसे अच्छा है। 76 में से 72 स्कूल सातवां वेतनमान एवं फुल डीए दे रहे हैं। करोना में भी सभी को वेतन मिलता रहा और पढ़ाई भी जारी रही। यहां के प्राचार्य मुझे जब भी बुलाएंगे मैं डालटनगंज आने को तैयार हूं। उन्होंने बताया कि डालटनगंज में दूसरी शाखा भी खुलने जा रही है। धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुमार ने दिया। कार्यक्रम में मेधावी बच्चों (दशम के 48 व द्वादश के 41) को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर सरदार सतवीर सिंह राजा, ओपी मिश्रा, एमके सिन्हा, उर्मिला सिंह, पी हाजरा और प्राचार्य डीएवी गांधीनगर रांची, हेहल रांची, बरियातू रांची, बरकाकाना, गिरिडीह, गढ़वा, भवनाथपुर, इंजीनियरिंग कॉलेज डालटनगंज आदि उपस्थित थे।

## तेजस्विन शंकर ने जीती डेकॉथलान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अपने करियर की केवल तीसरी डेकॉथलान में हिस्सा ले रहे दिल्ली के तेजस्विन शंकर ने राष्ट्रीय अंतर राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि एशियाई खेलों के क्वालिफाइंग मार्क को भी पार कर लिया। चौबीस वर्षीय एथलीट ने दस स्पधाओं के डेकॉथलान में 7576 अंक हासिल किए और 7500 के क्वालिफाइंग मार्क से बेहतर करने में सफल रहे।

## अनुसूचित जाति के लोग किसी के बहकावे में न आयें: शिवधारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** केंद्र की मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के नाम रहा। इन नौ वर्षो में मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ाया। अनुसूचित जाति परिवार के लोगों के हक-अधिकार के लिए केंद्र सरकार कई विकास योजनाओं से जोड़कर उनका उत्थान किया है। लेकिन आज भी अनुसूचित जाति समाज के लोग कुछ तथाकथित पार्टी के बहकावे में आकर मुख्य धारा से कटते जा रहे हैं। यह समाज के लिए चिंतनीय है। उन्हें मुख्य धारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम ने कही। वे रविवार को शहर के गणेश लॉज में मोदी सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर हुसैनाबाद के विभिन्न गांव का दौरा कर मीडिया कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। शिवधारी राम ने कहा कि भाजपा ही दलितों की सच्ची हितैशी है। केंद्र की मोदी सरकार



ने अबतक अनुसूचित जाति के लोगों के लिए जितना नौ सालों में काम किया है, उतना आज तक किसी दूसरे दलों की सरकारों ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पलामू समेत पूरे देश में अनुसूचित जाति के लोगों को बसपा व भीम आर्मी के लोग वोट बैंक की राजनीति के चलते मुख्य धारा से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों से अपील है कि यह सब सिर्फ नाम के लिऐ जाति की पार्टी बने हुए हैं। अगर कोई पार्टी है जो सही मायनों में अनुसूचित जातियों की विकाश चाहती है तो सिर्फ भाजपा है। इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा का साथ दें। इस मौके पर भुवनेश्वर प्रसाद सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, राजेश कर्ण, संतोष गुप्ता आदि मौजूद थे।














































## कसा शिकंजा: कुख्यात प्रिंस खान के अकाउंट नेटवर्क को पुलिस ने किया ध्वस्त

# किंग पिन सहित 10 गिरफ्तार

## पकड़े गये आरोपितों में महिला भी शामिल, अन्य आरोपित पुलिस की रडार पर

**छह महीने में 300 लेन-देन, 85 बैंक खातों का चला पता**

**कट्टा, गोली, नकदी सहित पुलिस के हाथ लगा रंगदारी के पैसे का हिसाब लगा रजिस्टर**

आजाद सिपाही संवाददाता





प्रिंस खान का नेटवर्क ध्वस्त कर गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते एसएसपी राजीव कुमार व अन्य। जब्त नकद व देसी कट्टा।

**धनबाद।** खौफ का पर्याय और पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुके कुख्यात प्रिंस खान नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए जिला पुलिस ने करीब 10 लोगों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इसकी जानकारी एसएसपी संजीव कुमार ने दी। वे रविवार कोअपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से प्रिंस खान के नाम से व्यवसायियों को रंगदारी के लिए फोन आ रहे थे, जिसके संदर्भ में कई कांडों को अंकित कर विशेष टीम के नेतृत्व में लगातार प्रिंस को मदद पहुंचाने वाले लोगों की पहचान करने और उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाया जा रहा था। इस दौरान जांच टीम को कुल 10 लोगों को पकड़ने में सफलता मिली है। इनमें से चार पैसे उठागी, जबकि अन्य पैसा को खपाने का काम करते थे। इन सब का किंग पिन सद्दाम नामक व्यक्ति है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े आरोपितों के पास से बंदूक और कारतूस सहित रंगदारी का पैसा, हिसाब लिखा रजिस्टर भी बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि इनके द्वारा अलग-अलग बैंक और सीएसपी द्वारा पिछले 6 महीनों में लगभग 300 ट्रांजेक्शन किया गया है। इसके अलावे इनलोगों के विभिन्न बैंकों में लगभग 85 एकाउंट हैं। रंगदारी के लिए इन लोगों का बहुत बड़ा गिरोह है। हमारी टीम अभी भी अनुसंधान में लगी है। उम्मीद है कि पूरी तरह हमलोग इनलोगों का सफाया कर देंगे। एसएसपी ने कहा कि रैकेट से जुड़े सभी लोगों को चिन्हित कर लिया गया है। फिलहाल 10 लोग हमारी गिरफ्त में है, बाकि को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दौरान छापामारी टीम में डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार विन्हा, केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, राजगंज थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, जोगता थान प्रभारी, बरोरा थाना प्रभारी, मुनीडीह ओपी, भूली ओपी, गोंदुडीह ओपी प्रभारी आदि शामिल हैं।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

सद्दाब अंसारी उर्फ सद्दाम, उसकी पत्नी नरगिस बानो, गोंदुडीह ओपी, केंदुआडीह
मो शाहिद, मो सद्दाम, खुर्शीद आलम सभी बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के, सराज अंसारी, भूली ओपी बाबर अहमद खान, अमन कुमार वर्मा, संतोष गोस्वामी, केंदुआडीह थाना और माजिद अंसारी पुटकी थाना क्षेत्र का है।

### ये सामान हुए बरामद

एक देशी कट्टा, 315 के तीन कारतूस, 355 के एक कारतूस, रंगदारी के पैसे का विवरण लिखा एक रजिस्टर, पैसों के ट्रांजेक्शन का बैंक स्लीप व एक लाख नगद

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि योग समिति ने निकाली जागृति यात्रा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारी जोरों पर है। इसी क्रम में रविवार को पतंजलि योग समिति की ओर से जागृति यात्रा निकाली गई। जो रणधीर वर्मा चौक से शुरू होकर एलसी रोड, सिटी सेंटर, बेकारबांध, पूजा टॉकिज, डीआरएम चौक, कोर्ट मोड़ होते हुए वापस रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर समाप्त हुई। समिति के जिला संयोजक मंजीत सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस बार धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के तमाम सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों व विद्यालयों में योग शिविर का आयोजन होगा। शिविरों का संचालन पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक की देखरेख में होगा। जागृति यात्रा में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, समरेंद्र पासवान, प्रभाकर कुमार, मनोज सिंह, अरविंद कुमार, शैलेंद्र, विपिन,वासुदेव प्रसाद आदि थे।

## बाउंड्रीवाल निर्माण के खिलाफ धरना पर बैठे ग्रामीण



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष दरीदा एवं मुराइडीह मौजा में निर्मित बाउंड्रीवाल के प्रतिवाद में स्थानीय ग्रामीण रविवार से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये। धरना पर बैठे मुराईडीह बस्ती निवासी अमित महतो ने बताया कि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो द्वारा जो ग्रामीणों के आने-जाने के रास्ते व जमीन पर जबरन बाउंड्रीवाल कर घेराबंदी की गयी है उसी से परेशान होकर ग्रामीण धरना में बैठे है। अगर जिला प्रशासन व अंचल अधिकारी मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही नहीं करते हैं तो सोमवार को अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार का घेराव किया जाएगा। इसमें प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो भी शामिल होंगें। वहीं, धरना के समर्थन में पहुंचे बाघमारा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो ने कहा कि बाघमारा विधायक जनता का विकास छोड़कर गरीब लोगों की जमीन लूटने में लगे हुए है। अगर विधायक ने ग्रामीणों कि जमीन नहीं लौटायी तो कांग्रेस कार्यकर्ता आसपास गांव के ग्रामीणों को साथ लेकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगें। इसकी सारी जबाब देही अंचल और प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों की होगी।

## बिना सूचना हुई ब्लास्टिंग से कई घरों में दरार

**धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)।** लोदना क्षेत्र संख्या 10 के जयरामपुर स्थित चल रहे सुशी आउटसोसिंग परियोजना में डीजीएमएस के नियमों को ताख पर रखकर ब्लास्टिंग की जा रही है। रविवार अपराह्नन तीन बजे सुशी आउटसोसिंग परियोजना में हुई हैबी ब्लास्टिंग से लोदना 8 नंबर बस्ती में कई घरों में दरार पड़ गई। इसमें रूपेश बर्णवाल, अर्जुन सिंह, अशोक ढाडी, सतेंद्र, बबलू बढ़ई आदि के घर शामिल हैं। आक्रोशित स्थानीय लोगो ने ब्लास्टिंग रोकवा दिया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## पानी व बिजली की समस्या को लेकर सड़क पर उतरे भाजपाई, प्रशासन-झरिया विधायक का पुतला फूंका

**धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया-सिंदरी मुख्यमार्ग बनियाहिर में रविवार की शाम भाजपा नेता श्रवण रॉय के नेतृत्व में झरिया विधायक, माडा व जिला प्रशासन का पुतला फूंका गया। इस दौरान भाजपाइयों ने जिला प्रशासन, माडा और झरिया विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां थामे प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने पानी व बिजली नहीं तो 2024 में वोट नहीं जैसे नारेबाजी की। महिलाओं ने कहा कि आमजनता का दुख दर्द कोई सुनने वाला नहीं है। आम जनता को क्या परेशानी हो रही हैं इसकी सुधी लेना वाला कोई नहीं है। कोयलांचल वासी पिछले कई महीनों से पानी-बिजली को लेकर त्राहिमाम कर रहे है और स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन कुंभकरणी निंद्रा में सोए हुए हैं। बच्चों की पढ़ाई लिखाई से लेकर कामकाज प्रभावित हो रहा है। बिजली की आंख मिचौली से जीना मुश्किल हो गया है। अगर समय रहते हुए बिजली और पानी सुचारू रूप से बहाल नहीं हुआ तो झरिया की जनता सड़क पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

## विद्यार्थियों की समस्याओं का करूंगी समाधान : ममता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) धनबाद विभाग की छात्रा ममता सिंह मुंडा को प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। इसकी घोषणा अभाविप की प्रांत अभ्यास वर्ग गढ़वा में हुआ। ममता सिंह मुंडा ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी का सफलता पूर्वक निर्वाहन करने की पूरी कोशिश करूंगी। विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करूंगी। उन्होंने कहा कि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति ने बोकारो जिले में पीजी की पढ़ाई बंद कर दी है। इसके लिए अभाविप आंदोलन करेगी। हम लोगों का संकल्प है कि दाखिला, परीक्षा और परिणाम में सुधार लाना।

## विद्युत विभाग के अभियंताओं को दी गयी विदाई

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा विद्युत कार्यालय में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। निरसा के कनीय अभियंता कृष्ण देव प्रजापति को गिरिडीह जिले में सहायक अभियंता और सहायक अभियंता निरंजन कुमार को रांची सहायक अभियंता के स्थानांतरण होने के बाद यहां सहकर्मियों द्वारा समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। सहायक अभियंता निरंजन कुमार ने कहा कि यहां के लोगों से भरपूर सहयोग मिला। वहीं, कनीय अभियंता कृष्ण देव प्रजापति ने कहा कि स्थानांतरण के बाद आज यहां कार्य करने का अंतिम दिन था। इसलिए आप सभी का आभार व्यक्त करने और आप सभी को धन्यवाद कहने के लिए आया हूं।

## धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन, रिहा किये गये दो बंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधिश निताशा बारला ने बताया कि जेल अदालत में निपटारे के लिए छह केस चिन्हित किए गए थे। जिसमें दो मुकदमे का निष्पादन कर बंदी को मुक्त करने का आदेश दिया गया। वहीं, दूसरी ओर न्यायिक पदाधिकारी व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम द्वारा बंदियों को विभिन्न कानूनों की जानकारी विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से दी गई। इस मौके पर रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह, एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक एलएडीसीएस नीरज गोयल, कारा अधीक्षक अजय कुमार, जेलर मो एम हसन, डालसा सहायक अरुण कुमार सौरव सरकार और सहायक अजय कुमार उपस्थित थे।

## पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर संबंध को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** मैथन ओपी परिसर में रविवार को पुलिस-पब्लिक मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस ने की। बैठक में ओपी अंतर्गत पड़ने वाले पंचायत प्रतिनिधियों के अलावे क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में जगरनाथ पूजा, इलाके में मोबाइल चोरी, बाइक चोरी की घटना को लेकर चर्चा हुई। ओपी प्रभारी ने कहा कि बाइक और मोबाइल चोरी होने पर स्थानीय पुलिस को अविलंब सूचना दें। लोग समझते हैं कि चोरी होने के बाद मोबाइल और बाइक पुलिस ढूंढने से रही। ऐसे भ्रम को लोग छोड़ दें। बैठक के दौरान कई बरामद मोबाइल को ओपी प्रभारी ने उसके असल मालिक को प्रक्रिया के बाद वापस लौटा दिया। बैठक में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व आम जन ने व्यवसाई को होने वाली दिक्कतों की जानकारी ओपी प्रभारी को दी। इस पर ओपी प्रभारी ने सभी को घटना घटीत होने या दिखने पर पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में मेढा मुखिया मनोज राउत, कालीपहाड़ी दक्षिण पंचायत के मुखिया पति प्रेम कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र साहनी, झामुमो नेत्री रेवा सेनगुप्ता, व्यवसायी त्रिलोचन कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार रॉय, कन्हैया चौरसिया आदि उपस्थित थे।

### पलामू की खबरें

## शिक्षा एवं संगठन की मजबूती से ही प्रजापति समाज का गौरवान्वित होगा इतिहास: अविनाश

**झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान सह कैरियर कॉउंसलिंग 2023 का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल में पलामू झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह सह कैरियर कॉउंसलिंग 2023 का आयोजन किया किया। जिसमें प्रजापति समाज के मैट्रिक एवं इंटर में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव के अलावा डॉ ओमप्रकाश भारती, समिति के संरक्षक जटाधारी प्रजापति, महासचिव पंडित प्रदीप नारायण आदि ने दीप प्रज्वलित एवं डॉ भीमराव अंबेडकर, प्रजापति संतराम बीए एवं डॉ रत्नप्पा कुम्भार की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित यह प्रतिभा सम्मान समारोह सह कैरियर काउंसिलिंग देश की दिशा तय करेगा। कहा कि शिक्षा एवं संगठन की मजबूती से ही प्रजापति समाज का इतिहास गौरवाविंत होगा। आज हम सभी को समाज को शिक्षित एवं संगठित करने की आवश्यकता है, क्योंकि जिंदगी जीने का असली मजा शिक्षा में ही है। वहीं, डॉ ओमप्रकाश भारती ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने से उनका उत्साहवर्धन होगा। वहीं जटाधारी प्रजापति ने सबको संगठित रहने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए त्रिपुरारी प्रजापति ने समिति के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कवि विनोद सागर द्वारा संपादित मासिक पत्रिका अरण्य वाणी के जून 2023 अंक का विमोचन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर अविनाश देव को प्रजापति गौरव रत्न सम्मान 2023 से भी सम्मानित किया गया। मंच का संचालन पंडित प्रदीप नारायण और धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार प्रजापति ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष ललन प्रजापति, कार्यालय प्रभारी शोभा प्रजापति, युवा अध्यक्ष परमेन्द्र प्रजापति, राहुल रंजन, शंकर प्रजापति, संजय प्रजापति, भुनेश प्रजापति, मनोज प्रजापति, सत्येंद्र प्रजापति, राजू प्रजापति व मुन्ना प्रजापति, कार्यक्रम के कमेटी अध्यक्ष त्रिपुरारी प्रजापति, सचिव धर्मेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, उपाध्यक्ष चंदन प्रजापति, अमित कुमार, मनीष कुमार प्रजापति, अरविंद प्रजापति, अनूप कुमार प्रजापति व विनोद प्रजापति, राजमणि प्रजापति, डॉ आर प्रजापति, अजय प्रजापति, ईश्वरी प्रजापति, संजीत प्रजापति, सुनैना देवी, चंद्रकांती कुमारी, पूजा देवी, सोनी देवी, अनीता कुमारी, अनीता देवी और पूजा देवी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## वन विभाग की उदासीनता के चलते जंगली हिरण बन रहे कुत्तों का शिकार

### पानी की तलाश में गांवों में घुस रहा हिरणों का झुंड

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड/पलामू।** उंटारी थाना अंतर्गत मुरमा कला ग्राम पंचायत के वन विभाग क्षेत्र मोहम्मदगंज रेंज में जंगलों से हिरण पानी की तलाश में गांवों में चले आ रहे हैं। ऐसा करते ही गांव में मौजूद कुत्तों का शिहार हो जा रहे हैं। कितने हिरणों को कुत्ते अब तक काट चुके हैं। इसकी सूचना उंटारी प्रखंड की प्रमुख अलका कुमारी ने कई बार वन विभाग रेंज ऑफिस मोहम्मदगंज को दिया। अपील की कि तत्काल पानी की व्यवस्था की गाए, लेकिन अभी तक विभाग की ओर से पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। ताजा उदाहरण रविवार को भी देखने को मिला, जब एक हिरण मुरमा कला गांव में पानी पीने के लिए घुस आया। तभी वहां के लोगों की नजर पड़ी कि एक कुत्ता हिरण को दौड़ा रहा है। यह देख गांव वालों ने मिलकर हिरण को कुत्तों से बचाया और तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही रेंज ऑफिस मोहम्मदगंज रेंज ऑफिस के गार्ड राजू रंजन और उनके सहयोगी मुरमा कला गांव पहुंचे और घायल हिरणों को डॉक्टर बुला कर मरहम पट्टी करवाया। अभी दो हिरन मुरमा कला आयुष्मान भारत के प्रांगण में रखे गये है। ग्रामीणों का आरोप है कि साल भर से अधिकारियों को सूचना दे रहे थे कि इस जंगल में एक छोटा तालाब बना दिया जाए तो सभी जंगली-जानवर उसी तालाब से पानी पीकर जंगल में ही रहेंगे। पर अभी तक कोई करवाई नहीं हुई है। कुछ दिन पहले भी एक हिरण को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया था। इसमें एक हिरण की मौत रेंज ऑफिस ले जाते समय हो गयी है। आरोप है कि रेंजर को फोन करने पर वो फोन तक नहीं उठाते हैं। उधर, उंटारी प्रमुख अलका कुमारी और सभी ग्रामीण वहां पर उपस्थित थे। साथ ही वन विभाग के कुछ अधिकारी उपस्थित थे।

## सफलता : जेइइ एडवांस में बोकारो चिन्मय विद्यालय का बेहतर प्रदर्शन

# चंद्रकांत सुमन को 557वां व श्रेयांस जयसवाल को मिला 1115वां कैटेगरी रैंक

**उज्ज्वल लाल ने हासिल किया 3401वां रैंक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जेइइ एडवांस्ड 2023 परीक्षा में बोकारो के चिन्मय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय के उज्जवल लाल को अखिल भारतीय स्तर पर 3401वां (सामान्य श्रेणी) स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि चंद्रकांत सुमन को 557 (कैटेगरी) रैंक, श्रेयांस जायसवाल को 1115वां (कैटेगरी), सोमांशु कुमार 1218वां (कैटेगरी) रैंक, कृति कुमारी 2275 वहां(कैटेगरी) और आदित्या पासवान को 2776वां (कैटेगरी) स्थान प्राप्त हुआ है। समाचार लिखे जाने तक 24 छात्रों के अच्छे रैंक से सफल होने की सूचना मिली है।जानकारी के अनुसार यह संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि अधिकांश छात्र परीक्षा के बाद बोकारो से बाहर जा चुके हैं जिनसे संपर्क नहीं हो पाया है। जेइइ एडवांस्ड के परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि वाकई यह सुखद है। उज्वल लाल, चंद्रकांत सुमन, श्रेयांस जायसवाल, सोमन्शु, शुभम कुमार, कृति कुमारी, आदित्या पासवान, हर्ष राज आदि छात्रों ने अच्छे रैंक के साथ उल्लेखनीय सफलता हासिल की है जो अति सराहनीय है। मैं सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओ, उनके अभिभावकों और विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई देता हूं। निश्चय ही छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक के समन्वित और सतत प्रयास से आने वाले वर्षों में विद्यालय का जेइइ में परिणाम और बेहतर होगा। इस मौके पर परम पुज्य संयुक्तानंद सरस्वती (आचार्य, चिन्मय मिशन बोकारो) बिश्वरूप मुखोपाध्याय (अध्यक्ष), महेश त्रिपाठी (सचिव), नरमेंद्र कुमार (मुख्य संयोजक) कुमोद रंजन सिंह, नीरज चैबे, राज कुमार, अशोक चौबे, संजीव कुमार, सुदिष्ट नारायण झा, विभाष चंद्रा आदि ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अब तक के सफल छात्र-छात्राओं के नाम

| छात्रों के नाम | रैंक |
|---|---|
| उज्जवल लाल | 3401 |
| शुभम कुमार | 10205 |
| सिद्धार्थ राज | 13872 |
| हर्ष राज | 13988 |
| आकृति कुमारी | 16050 |
| ऋषभ कुमार | 18138 |
| सुदित दास | 20666 |
| प्रियांश पीयूष | 24375 |
| श्रेयश राज | 25255 |
| शौर्य | 25338 |
| मुकुल रंजन | 25961 |
| चंद्रकांत सुमन | 557 (कैटेगरी) |
| श्रेयांस जायसवाल | 1115 (कैटेगरी) |
| सोमांशु कुमार | 1218 (कैटेगरी) |
| कृति कुमारी | 2275 (कैटेगरी) |
| आदित्या पासवान | 2776 (कैटेगरी) |
| स्वर्णिका पारूल | 5950 (कैटेगरी) |

# आइआइटी-जेइइ 2023 एडवांस परीक्षा में रांची के कई शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने मचायी धूम

## ब्रदर्स ऐकेडमी के निशांत और किसलय बने टॉपर

- ब्रदर्स ऐकेडमी के 104 छात्रों ने आइआइटी-जेइइ एडवांस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आइआइटी-जेइइ 2023 एडवांस परीक्षा में ब्रदर्स ऐकेडमी के छात्रों ने विगत वर्षों की भाँति ही सफलता का परचम लहराया है। ब्रदर्स ऐकेडमी के 4 छात्रों ने 1,000 में और 14 छात्रों ने 5,000 में आइआइटी-जेइइ 2023 एडवांस के ऑल इंडिया रैंक की वरीयता सूची में विभिन्न श्रेणियों में अपनी जगह बनाते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर ऐकेडमी को गौरवान्वित किया है। ब्रदर्स ऐकेडमी से उल्लेखनीय ऑल इंडिया रैंक पाने वाले कुछ छात्रों के नाम निम्नलिखित हैं : किसलय, निशांत, अर्नव, इशिता, गुनीत, कुणाल, राहुल, पार्थ, प्रत्यूष, आशीष, पलक, शांभवी, बिप्लब राज, नीलेश एवं और भी कई। सफल छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय ऐकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया।उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा निर्देश, उच्च स्तरीय पाठ्य सामग्री, क्विज टेस्ट संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरीज बैट्स ने परीक्षा के प्रति हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया, जिस कारण आइआइटी की परीक्षा में भी हम पूरी तरह संतुलित और सहज थे।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने एकेडमी का गौरव बढ़ाया है। कई छात्रों ने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए अपनी सफलता की गाथा लिख कर एक मिसाल कायम की है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं, बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए भावी छात्र जीवन के लिये उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी उनकी सफलता का श्रेय छात्रों के अथक परिश्रम और ब्रदर्स ऐकेडमी के शिक्षकों को देते हुए कहा कि संस्थान के अनुशासित शैक्षणिक और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण से बच्चों की क्षमता में बहुत इजाफा हुआ।

## चैंप स्क्वॉयर के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रतीक रत्न ने मान बढ़ाया

- चैंप स्क्वॉयर से कुल 79 बच्चों ने आइआइटी जेइइ 2023 एडवांस में सफलता हासिल की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेइइ एडवांस परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। रांची शहर के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। शहर के चैंप स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ठ सफलता अर्जित की। चैंप स्क्वॉयर के प्रतीक रत्न दो वर्षीय क्लासरुप प्रोग्राम में पढ़े है। उन्होंने आल इंडिया रैंक 1382 लाकर चै्ंप स्क्वॉयर एवं पूरे रांची का मान बढ़ाया है। चैंप स्क्वॉयर से कुल 79 बच्चों ने आइआइटी जेइइ 2023 एडवांस में सफलता दर्ज करवायी, जो कि संस्थान के लिए काफी सुखद है। प्रतीक ने चैंप स्क्वॉयर को 2019 में (चार वर्षीय प्रोग्राम) अपने लक्ष्य सिद्धि के लिए चुना। उनका मानना है कि चैंप स्क्वॉयर ने उनका उत्कृष्ठ मार्गदर्शन किया, जिससे केवीपीवाइ में कामयाबी अर्जित किया। जेइइ मेन परीक्षा में 613 रैंक हासिल किया, परंतु उनका लक्ष्य तो आइआइटी में जाना था। उन्होंने अपनी पूरी उर्जा अपनी लक्ष्य सिद्धि में लगा दी। इसके आलावा रुद्र (2408), भूमी (2477), सौम्य (3689) इत्यादि ने सफलता अर्जित की।

चैंप स्क्वॉयर के शिक्षकों के मार्गदर्शन में जी-तोड़ मेहनत करते हुए जेइइ एडवांस परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन देने में कामयाबी हासिल की। सभी का कहना है कि उसे इस उत्कृष्ठ प्रदर्शन करना उनके लिए संभव केवल चैंप स्क्वॉयर की वजह से है। संस्था के शिक्षकों में एक एवरेज स्टूडेंट के द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन करवाने की अचूक कला मौजूद है। यहां के शिक्षक हमेशा विद्यार्थियों को प्रेरित करते है और बच्चों की शंकाओं को दूर करने के लिए कृतसंकल्प है।

चैंप स्क्वॉयर का स्टडी पैकेज रांची शहर के सभी संस्थानों से बेहतर है। साप्ताहिक टेस्ट लेने में यह संस्था अग्रणी है। हर लेवल का प्रश्न इस टेस्ट में मौजूद रहने से काफी मदद मिली। यहॉ एडवांस के पहले 150 से अधिक टेस्ट ली गयी, जिससे उनको काफी फायदा हुआ। सीबीटी और ऑनलाइन मोड में भी इस संस्था ने टेस्ट लिया, जो एडवांस से पूर्ण रूप से मेल किया है।

## गीता प्रेस को दिया जायेगा 2021 का गांधी शांति पुरस्कार

**गोरखपुर।** साल 2021 का गांधी शांति पुरस्कार धर्म, संस्कृति और परंपरा को समेटे गीता प्रेस, गोरखपुर को दिया जायेगा। गांधी शांति पुरस्कार महात्मा गांधी द्वारा स्थापित आदर्शों को श्रद्धांजलि के रूप में 1995 में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी ने सर्वसम्मति से गीता प्रेस, गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार के रूप में चुनने का फैसला किया।

## न्यूटन ट्यूटोरियल्स के अनन्ये को मिला 591 रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी जेइइ एडंवास 2023 की परीक्षा में न्यूटन ट्यूटोरियल्स के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्षन यहां के शिक्षकों प्रणव कुमार, चंदन कुमार भौतिक विज्ञान, पंकज कुमार, मदन मोहन झा, सलमान अली रसायन विज्ञान एवं इमरान अली एवं चंदन कुमार गणित के उचित मार्गदर्शन में किया। यहां के निदेशक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल्स के सभी कोर्स में भी शानदार रिजल्ट रहा हैं। ऑल इंडिया विभिन्न केटगेरी रैंक में सफल छात्रों में टॉप रैंक पाने वाले सफल छात्र अनन्ये (591 एसटी), अयनिप्रीति (948 एसटी), ओशिन (1071 एसटी), अंकित कुमार (1171 एसटी), मनीषा (2359 एसटी), अनिकेत कुमार अग्रवाल (2531 सामान्य), पीयूष कुमार सिंह (11309 सामान्य), शिवम कुमार (2739 सामान्य इडब्ल्यूएस), आदित्य आर्यन (2849 ओबीसी), यश कुमार 3083 सामान्य इडब्ल्यूएस), अवाश एहसान (3211 सामान्य इडब्ल्यूएस), अर्श खान (4116 सामान्य, प्रिंस कुमार (4157, मोहित कुमार (4498), अर्पित आनंद (19468 सामान्य), शिवम मोदी (5365, राहुल राज 5414 ओबीसी), करण कुमार (एआइआर 6040 ओबीसी), प्रदीप मोदक (7605 ओबीसी), एमडी सोहेल अंसारी ( 8758) आदि छात्रों ने विभिन्न क्लासरूम पाठ्यक्रम के द्वारा सफलता पायी हैं। इतने सारे छात्रों के सफलता का कारण पूछने पर इमरान अली ने बताया कि यहां पर प्रत्येक छात्रों का शिक्षकों के साथ बहुत ही अच्छा संबंध होने के कारण छात्र बिना झिझक के शिक्षक से अपने छोटे से छोटे समस्या पूछ कर उसका समाधान करते है। यहां छात्रों को अपना अध्ययन सामग्री भी दी जाती है, जो उसके सफलता में काफी सहायक होती है। यहां छात्रों को आंतरिक परीक्षण के साथ-साथ अखिल भारतीय टेस्ट सीरीज भी प्रदान की जाती है, जिससे परीक्षा से पहले ही अपने आप को आकलन कर और बेहतर करने को प्रेरित करती है।


## अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के काफिले पर हमला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के काफिले पर हमला हुआ है। दोनों ही मुख्यमंत्रियों पर हमले का दावा आम आदमी पार्टी ने किया है। आप का कहना है कि राजस्थान के श्री गंगानगर जिले में केजरीवाल और भगवंत मान के काफिले पर हमला यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने किया है। लाठी डंडों से सीएम केजरीवाल और सीएम भगवंत मान के काफिले पर हमला करने का आरोप है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान रविवार को राजस्थान के श्री गंगानगर जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करने से पहले दोनों ही मुख्यमंत्रियों का काफिला गुजरा था। इसी दौरान ही काफिले पर हमला करने का आरोप है।



































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**